## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORT- TANCE

### Havoc caused by recent floods.. various Farts of the country and action taken by Government in regard there to

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE (Maharashtra): Madam, Deputy Chairperson, I call the attention of the Minister of Agriculture to the havoc caused by recent floods in various parts of the country and the action taken by Government in regard thereto. May I thank you for giving precedence to one of the worst tragedies in the recent past?

उपसभापति : मंत्री जी जवाब दीजिए ।

स्टेटमेंट को कापीज दीजिए । मंत्री जी जरा एक मिनट रुक जाइये ।

THE MINISTER OF AGRICUL- TURE (SHRI BALRAM JAKHAR): Madam, according to the forcast made by the India Meterological Department (IMD) for the South-West monsoon of 1993 the quantum of rainfall for the country as a whole during the monsoon period is likely to be 103 per cent of the long period average value within the estimated model error of 4 per cent. There is an expectation that around 30 out of 35 meterological sub-divisions in the country should get normal/excess rainfall.

The South-West monsoon which had set in Kerala on 28th May, 1993, which is about three days earlier than its normal date covered the entire country by 5th July, 1993. During the period June 1—July 21, 1993, the cumulative rainfall was excess/normal in 27 out of 35 meterological sub-divisions and deficient in 8 sub-divisions. During this period rainfall was excess in the States of Arunachal Pradesh, Assam, Meghalaya, Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Rajasthan, West Madhya Pradesh, Gujarat and Union Territory of Chandigarh and Delhi.

Heavy rains in the second week of July 1993 resulted in floods of varying degrees in the States of Punjab, Haryana, Gujarat, J&K, H.P., Maharashtra & Rajasthan.

Heavy rains during the third week of July 1993 again resulted in floods in the States of Assam, Bihar, Madhya Pradesh, Mizoram, Tripura, Uttar Pradesh and West Bangal. The States of Assam, Tripura, Mizoram, Arunachal Pradesh, Kerala and Gujarat had also experienced floods in May-June, 1993.

According to the reports received from the State Governments, rain-flood waters have extensively affected life and agricultural operations in the affected areas. A* per the preliminary assessments made so far by the State Governments 859 human lives including 311 in Punjab, 123 in Gujarat, 46 in Haryana, 34 in Himachal Pradesh, 37 in Jammu & Kashmir, 126 in West Bengal, 11 in Rajasthan and 21 in Assam have been lost. The affected States are still in the process of making a detailed assessment of the extent of damage caused to human and cattle lives, crops, houses, private and public property including the physical infrastructure in the affected districts. Accodding to the preliminary assessment made cropped area affected by the floods in Punjab is 15 lakh acres, 32,000 acres in Himachal Pradesh and 4.5 lakh acres in Haryana. Any firm assessment of the crop damage would be possible only after the flood waters have received from the affected areas.

The concerned State Governments had mounted timely rescue and relief measures in the flood affected areas including ovaeo-uation of marooned population to safer places wherever necessary with the assistance of Armed Forces, distribution and air-dropping of food packets, distribution of essential commodities, opening of flood relief camps, medical assistance/ vaccination to prevent outbreak of opi-demics and dsslribution of ex-gratia pay. ment to the families of the victims of floods. Government of India is also assisting the States in restoration of national highways, rail and telecommunica-tion networks, power installation and distribution systems particularly in the States of Punjab. Haryana. Himachal Pradesh, Jammu & Kashmir, Bihar, West Bengal, etc. which have been very severely affected

[Shri Balram Jakhar]

by floods, Armed forces are also assisting the State of Punjab in plugging the breaches in Irrigation network in certain areas.

The Crisis Management Group (CMG) in the Ministry of Agriculture is reviewing the flood situation and relief, rehabilitation and restoration works in the affected States on daily basis. The availability of food and other essential commodities, petroleum products, medicines and drinking water in the affected States are also being monitored on a daily basis.

I had visited the flood affected areas of Assam and Tripura in June 1993 to review the situation. The Prime Minister had also visited and reviewed the situation in the flood affected States of Punjab and Haryana on the 16th July, 1993 and had sanctioned ex-gratia assistance to the families of affected persons from the Prime Minister's National Relief Fund.

Inter-Ministerial Central Teams have already visited Tripura, Assam and Mizoram. Central Teams would also be undertaking visit of the flood affected areas of Punjab from 28th July, 1993. Central Team for Haryana and Himachal Pradesh has also been constituted and will be visiting the flood affected areas of these States as soon as the State Govern ments indicate their readiness to receive the team. Meanwhile, a Central Recon naissance Team undertook an aerial survey of flood affected areas of Haryana last week. The question of deputing Central Teams to the flood affected areas of other States where necessary will be considered in consultation with the affected States in due course.

The 9th Finance Commission recognising the need for greater autonomy and responsibility for the State Governments in managing the challenge posed by recurrent natural calamities had recommended the creation of a Calamity Relief Fund (CRF) to be operated by the State Governments, 75 per cent of the CRF is contributed by the Government of Tndia and the balance 25 per cent is contribu ed by the States concerned. Annual co tribution to States CRF is released four quarterly instalments. Two qua terly instalments of the Central share < CRF during the current year have be released to all the States.

Government of India, recognising need to supplement the efforts of States and with a view to assist their has also made advance releases of Ce tral share of CRF to the States Punjab, Haryana, Tripura, Kerala and Madhya Pradesh in the current year • meet the situation created by the nature calamities. Considering the worseni flood situation in the States of Punj and Haryana, it has also been decided release two quarterly instalments of CI of 1994-95. On consideration of Memoranda giving detailed assessment the damage and the requirements funds from the State Governments ad tional Central Assistance under ongoi plan programmes in various sectors w also be considered. These funds woi also enable the concerned State Gove: ments to adequately meet the relief penditure as also to take up rehabilitati and restoration works on an immedis basis.

Sir, I may assure the House that 1 Central Government fully shares 1 hardship and sufferings caused to affected population in the flood affec States and would do all that is possible to assist the concerned State Government in fully meeting the exigencies of situation.

SHRT MURLIDHAR CHANDB KANT BHANDARE (Maharashtra): IS dam let me at the outset, on behalf myself and on behalf of the Hot] extend to all flood-affected victims ( sympathies and our assurance that we ; with them in the hour of their hardst and suffering caused by the havoc floods in the various States, because has been extensive. In the north area has been spared, whether it Punjab, whether it is Haryana, whetl it is Himachal Pradesh, whether it

Jammu and Kashmir, whether it is Rajasthan or Bihar. Equally it has been very, very severe in the north-east— Assam, Mizoram, Tripura, Meghalaya, Arunachal Pradesh and other places. We send our sincere sympathies and support to them in this hour of trial. Now, this is the fourth year in succession when we were expecting a good rainfall, a very unusual phenomenon, good for the country and also good for the crops. But it is unfortunate that along with the good rainfall all over the country we have had these unprecedented floods. As fat as Punjab, Haryana and other parts go, I am told that they are the worst in the last decade or more and I wonder— because the hon. Minister has started with a projection of the Meteorological Department—with the advance in the techniques, technology and knowledge of whether forecasting why we really cannot reach a stage where we can take all actions beforehand and convert an act of God into one which has been controlled by the hand of man? That is one thing which I would like ask the hon. Minister.

The second thing is that these events are occurring almost every year and yet we find that these matters are tackled on a knee-jerk basis without any comprehensive, well sorted-out plan. Now, I think. I don't know—our country is being punished by the curse of riots, by the curse of floods and by the curse of droughts.I think that something is necessary to really work out a complete blueprint of the flood-plain zoning concept. I would like the hon. Minister to give us further details about this. The hon. Minister has told us what assistance has been given to the states without the actual figures. It would have been much better if he had given a comparative statement with actual figures as to how much has been contributed by the State Governments and the Central Government because then only we would be able to discuss this issue further in a better fashion. Now I don't want to take more time on this because I think that people who are affected by the floods should get a chance to speak on this very important subject. Though ray name by chance has come first, my State. Maharashtra, is very, mildly affected by floods as compared to the havoc they have caused in other parts of the country. What I find is that there is increasing participation, voluntary participation, by people in meeting this calamity. Food is being prepared by ladies; they don't sleep for nights. They prepare food and make it available to those who are rendered homeless. But I regret that there is not a mention about these voluntary efforts by these citizens. I hope the hon. Minister, who is otherwise very sensitive to these things, would make a reference to it and encourage them. I must also take this opportunity to thank the Army, the Air Force and the Navy, which has been used partly, for the excellent rescue work that they have done. Hundreds have lost their lives. . . *(Interruption)* ....

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Madam. is it a thanks giving motion?

THE DEPUTY CHAIRMAN: He says that some voluntary organisations have done some work. We should appreciate it.

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE: Anything that people do on their own is welcome. If it is not noticed and encouraged and slurred over as the Government has done, well, I am not going to be a party to it, even if my hon. friend, Mr. Gurudas Das Gupta, objects to it. It is not that. It *is* a moment to give them encouragement, to give them a little more comfort. to give them a little more fortitude to pa's through these difficult times. All in all, I was happy that the Prime Minister with the Agriculture Minister had extensively visited many parts of the flood affected areas. I would like to ask him what plans are being taken to see that shelters are kept ready at higher placet before the whole plains are flooded; people lose their lives and many of them are renderd homeless with loss of cattle and crops. Once again I would request the hon. Minister to elucidate fully and answer the various queries I have raised. I would particularly request you, Madam, to give an opportunity to all the mem-

[Shri Murlidhar Chandrakant Bhandara]

bers, whether their names are there in the calling Attention Motion or not, to all the Members who are coming from the flood affected areas, to speak by adding their names to this Calling Attention list. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Gaya Singh.

**श्री गया सिंह (बिहार) :** मैडम, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया उसके लिये आप को धन्यवाद ।

मैडम, हमारी समझ से यह जो बाढ़ की स्थिति है, यह कोई एक राज्य में नहीं है, पिछले डेढ़ महीने से पंजाब, से लेकर त्रिपुरा, मणिपुर, बंगाल, आसाम और बिहार के उत्तरी हिस्से में इस साल बाढ़ का भंयकर प्रकोप हुआ है और उस स्थिति की इस स्टेटमेंट में साफ-साफ पिक्चर नहीं आयी है। मुझे ऐसा लगता है कि शायद मंत्री जी को अभी तक बाढ़ की स्थिति की पूरी जानकारी नहीं है और वे अविश्वास प्रस्ताव से बचने की ज्यादा तैयारी कर रहे हैं । मैडम, बाढ़ के चलते आज विभिन्न राज्यों में और खास तौर से बिहार के कई जिलों में तो स्थिति इतनी भयानक हो गयी है कि लगभग 10 लाख लोग आज उनके घर-द्वार से अलग हो कर हाईवे और दूसरे रोड्स पर रिफयूजी बने हुये हैं । और उनकी सहायता के लिए आर्मी के लोग जरूर वहां बुलाए गए हैं, लेकिन जो सहायता मिलनी चाहिए वह अभी तक पूरी नहीं की जा रही है। भारत सरकार की ओर से जो सहायता मिलनी चाहिए, यह जो फिगर दिया है, इसमें राज्यवार, अलग-अलग राज्यों को किस आधार पर कितनी क्या सहायता गई है, इनके स्टेटमेंट से वह साफ नहीं होता है। हम समझते हैं कि यह दुर्भाग्य की बात है कि आज आजादी के 46 साल

बाद भी बाढ़ जैसे प्रकोप से नहीं
पाए हैं। ऐसा कुछ नहीं है कि
बाढ़ पहली बार बिहार में या देश
अन्य राज्यों में आई है, यह तो
साल देश के किसी न किसी इलाके
किसी न किसी हिस्से में आती
जिसमें लाखों लोग बेघर होते हैं, क
जानमाल का नुकसान होता है, मवेशि
का काफी नुकसान होता है, लेकिन इस
कोई स्थाई हल नहीं हो पाया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से
जी से यह जानना चाहता हूं कि
टीम तत्काल आप भेजने वाले हैं,
केन्द्र सरकार की ओर से जानी चा
थी, वह अभी तक क्यों नहीं ग
इसके साथ ही यह साफ साफ ह
चाहिए कि जो असेसमेंट अभी
किया गया है या जो इंफोरमेशन रा
से मिली है उसी के आधार पर तत्क
भारत सरकार इतने फण्ड का एलोट
करने जा रही है। ठीक है, प्रधानम
जी के नेशनल रिलीफ फंड से
घोषणा हुई है, मैं नहीं समझता कि
काफी है, उससे बाढ़ पीड़ितों की आ
श्यकताओं की पूर्ति नहीं हो सकती।

महोदया, मैं आपके माध्यम से
जी को यह सुझाव देना चाहता
कि जब हर साल बाढ़ का प्रकोत हो
देश के एक बड़े हिस्से में, कभी उत
हिस्से में, कभी दक्षिणी हिस्से में या
पूर्वी हिस्से में, होता है तो इसके स्थ
हल के लिए जो इसमें चर्चा की
है वह काफी नहीं है। मैं जानना चा
हूं कि इसके लिए भारत सरकार
करने जा रही है? खासतौर पर हम
बिहार का मैं जानता हूं, उत्तरी बि
में, गंगा के उत्तर के इलाके में
साल लाखों लोग बेघर-बार होते
वहां के लिए कई बार योजनाएं बन
हैं, लेकिन जो भी योजनाएं बनी
वह सफल नहीं हुई। इसके लिए
समझते हैं कि कोई कन्क्रीट, ठोस
से सुझाव भारत सरकार की ओर
इस माननीय सदन में आना चाहिए
मैं मानता हूं, अभी जब हम बाढ़ क

स्थिति में हैं, हमारी सरकार दूसरे कामों में बिजी है। अब जैसा इन्होंने कहा कि जून महीने में मंत्री जी गए थे, लेकिन बिहार के कई जिलों में आज जो स्थिति है उसके लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है, हम चाहते हैं कि इस पर कोई एसोरेन्स मंत्री जी की ओर से हाउस में आना चाहिए।

महोदया, मेरे तीन प्रश्न हैं। एक तो, सरकार तत्काल क्या कार्यवाही कर रही है? कितना फण्ड राज्यवार एलोट कर रही है? दूसरा, लोंग टर्म की क्या योजना है? और, फ्युचर में इससे बचने के लिए क्या कर सकते हैं? इस पर साफ-साफ जवाब आना चाहिए। मंत्री जी को एक कन्क्रीट रूप से स्टेटमेंट इस हाऊस के सामने रखना चाहिए। धन्यवाद।

**उपसभापति :** श्री महेश्वर सिंह। अगर सभी सदस्य थोड़ा समय लें तो मैं बहुत से सदस्यों को एलाऊ कर दूंगी।

**श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश):** उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान उन्हीं के वक्तव्य की ओर दिलाना चाहूंगा। जैसा कि इस सदन के माननीय सदस्य गया सिंह जी ने कहा, उनके इस स्टेटमेंट से ऐसा लगता है कि उनके पास अभी भी बाढ़ की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। जैसा कि बिहार के बारे में कहा, उत्तरी बिहार में बाढ़ का आना कोई नई बात नहीं है। उनके लिए तो एक किस्म का यह वार्षिक त्यौहार बन गया है। समय रहते अगर बिहार की विभिन्न सरकारें नेपाल की सरकार के साथ बातचीत करतीं जो दरियां उधर से आते हैं, जो नदियां वहां से आती हैं और बाढ़ नियंत्रण के कार्यक्रम की ओर ध्यान देतीं तो यह स्थिति शायद बिहार की नहीं होती।

महोदया, स्टेटमेंट में आपने जो दिया है, उसमें बिहार में एक भी मृत्यु नहीं दिखाई गई है, जबकि मेरी जानकारी के अनुसार कम से कम 100 लोग वहां मरे हैं। इसकी थोड़ी जानकारी आप ले लीजिए। समाचार पत्रों में यह भी पढ़ने को मिला है कि बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जब यह वहां की सरकार की नालायकी है, वहां के जो आपके सिंचाई मंत्री हैं उनकी नालायकी है कि उसमें से केवल मात्र 15 करोड़ रुपया ही खर्च कर पाए और बाकी का सारा का सारा पैसा सरेण्डर हुआ। इस ओर भी सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। और वहां के सिंचाई मंत्री महोदय ने कहा था कि अगर एक भी बांध टूटेगा तो मैं विधान सभा से इस्तीफा दे दूंगा। आज तीन तीन बांध वहां टूट चुके हैं और वहां के जो सिंचाई मंत्री हैं, वह गहरी नींद में सो रहे हैं। इसी प्रकार जहां तक पंजाब का सम्बन्ध है, अभी बड़ी मुश्किल से पंजाब, वहां आतंकवाद का जो साया था, उससे निबट पाया था, पंजाब ने सुख की सांस ली थी कि आज इस बाढ़ ने वहां विनाश-लीला रच दी है। इस ओर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसी प्रकार वैस्ट बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में भी बहुत सी क्षति हुई है, नार्थ-ईस्ट में भी हुई है और जहां सारे देश में यह विनाश-लीला हुई है, हिमाचल भी इससे अछूता नहीं रहा है। हिमाचल में सर्वप्रथम जुलाई के मास में मंडी जिले के दरंग क्षेत्र में बादल के फटने से लगभग 25–30 लोगों की मृत्यु हुई है और आपने जो आंकड़े यहां दिए हैं, उनके मुताबिक केवल 34 मृत्युएं बताई गई हैं, जबकि मेरी जानकारी के अनुसार हिमाचल में ही लगभग 50 लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं और कुल हानि 500 करोड़ रुपये की है। यही नहीं हिमाचल के इतिहास में पहली बार जुलाई के मास में हिमाचल के जन-जातीय क्षेत्रों में हिमपात हुआ है और जो आपका बारालाधा और सरचूपास है, उसके बीच में लगभग ढाई सौ लोग कई दिन भूखे-प्यासे फंसे रहे, यहां तक कि हेलीकॉप्टर से वहां खाने के

[श्री महेश्वर सिंह]

बैकेट्स गिराने पड़े और बड़ी मुश्किल से वहां से लोगों को निकाला गया है। व्यास नदी में, कुल्लू जिले में इस प्रकार की बाढ़ आई है कि सारे का सारा आपका राष्ट्रीय उच्च मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है और फलों से लदे हुए हजारों ट्रक नष्ट हो गए हैं, फल सड़-गल गए हैं, किसानों को भारी क्षति पहुंची है। इसके अतिरिक्त आज जो हमारे हिमाचल में भेड़-बकरियां हैं, लोग गर्मियों के मौसम में उनको जन-जातीय क्षेत्रों में ले जाते हैं। मेरी जानकारी के अनुसार लाहौल में ही लगभग 25 हजार भेड़-बकरियां आज लापता हैं और उनको चराने वाले जो हमारे गडरिए हैं, गुज्जर लोग हैं, वे भी लापता हैं, उनकी भी छान-बीन करना आवश्यक हो गया है। इसके अतिरिक्त जो किन्नौर जिले में भाभा चल विद्युत परियोजना है, जो सरकार ने लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की थी, वह पूरी तरह से आज जल-मग्न हो गई है। रॉक के टूटने से सतलुज आज अवरुद्ध हो गई है और निचले क्षेत्रों में आज खतरा बना हुआ है। केन्द्र से इस रॉक को तोड़ने के लिए टीम गई थी, वह भी अभी तक असफल रही है और इस परियोजना के जल-मग्न होने के कारण आज हिमाचल प्रदेश को लगभग 25 लाख रुपए की रोज क्षति पहुंच रही है। जो सरकारी आंकड़े हैं उनके मुताबिक हिमाचल प्रदेश में जो क्षति हुई है, वह इस प्रकार है। पशुधन लगभग 13,830 बताया गया है, इसमें जो 25 हजार का उल्लेख मैंने किया, वह सम्मिलित नहीं है। इसके अतिरिक्त जो लोगों के मकान बह गए, वे सरकारी आंकड़ों के अनुसार 6,751 हैं और जो गऊशालाएं गिर गई हैं वे 5,063 हैं। जो दुकानें और खोखे टूटे हैं, वे 500 हैं और जो कृषि योग्य भूमि बह गई है, वह 32 हजार एकड़ है। करोड़ों रुपए की सम्पत्ति भी नष्ट हो गई है और व्यास नदी के दोनों तरफ आज वहां जो शहर बसे हैं, उनके लिए भी एक खतरा उत्पन्न हुआ है। खेद का विषय है, महोदया, कि जहां प्रधान मंत्री महोदय 16 जुलाई को पंजाब और हरियाणा में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए गए, जायजा लेने के लिए गए, वहां उन्होंने हिमाचल में जाने की जरूरत नहीं समझी। मैं जानना चाहूंगा कि आखिर हिमाचल के लोगों से यह भेदभाव क्यों किया गया? क्या हिमाचल प्रदेश को आपने राइट आफ कर दिया है? कृषि मंत्री महोदय, न आपने स्वयं जाने का कष्ट किया, न कोई टीम भेजी और न प्रधान मंत्री गए। एक तरफ तो आपने वहां की जो लोकप्रिय सरकार थी, उसको बिना किसी कारण के भंग कर दिया और आज हिमाचल के लोगों की सुध लेने न आप जाते हैं, न आपके गवर्नर महोदय जाते हैं, आज कोई भी उन लोगों को पूछने वाला नहीं है हिमाचल के लोगों की आज यह दुर्दशा है। जहां तक हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति का संबंध है, वह भी आपसे छिपी नहीं है। हिमाचल आज आर्थिक संकट के घेरे में है। हिमाचल प्रदेश के ऊपर आज 400 करोड़ रुपए का ओवर ड्राफ्ट चल रहा है और हर महीने आपसे, केन्द्र की सरकार से एडवांस लेकर सरकार काम चला रही है और अगर समय रहते आप यहां से पैसा नहीं देंगे, आप राहत-कार्यक्रम की ओर ध्यान नहीं देंगे तो हिमाचल प्रदेश के लोगों की बहुत दुर्दशा होने वाली है। तो सबसे पहले तो मैं इस बात के लिए हिमाचल के लोगों का यहां रोष प्रकट करना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री महोदय ने हिमाचल न जाकर न केवल हिमाचल के लोगों के हितों की रक्षा की अनदेखी की है बल्कि हिमाचल के जितने निवासी हैं, उनका अपमान किया है और इस लिए आपको क्षमा मांगनी चाहिए। मैं चाहूंगा कि आने वाले समय में या तो आप स्वयं जाएं और जल्दी से जल्दी यहां से टीम भेजी जाए ताकि वहां सर्वेक्षण किया जाए और लोगों को राहत दी जाए। जिस प्रकार के संकट

आज हिमाचल निवासी फंसे हैं ऐसा संकट हिन्दुस्तान के इतिहास में कभी भी हिमाचल निवासियों को देखने को नहीं मिला है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि **(समय की घंटी)**— इस ओर आप विशेष ध्यान देंगे। जहां तक मृतक लोगों के आश्रितों को धनराशि देने वाली बात है, पंजाब में जाकर प्रधान मंत्री महोदय ने एक घोषणा की कि जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है उनके आश्रितों को 50 हजार रुपए प्रति व्यक्ति प्रधान मंत्री के राहत कोष से दिया जाएगा। मैं आपके माध्यम से यह मांग करना चाहूंगा कि जहां पंजाब में इस प्रकार का पैसा देने की घोषणा की है वहां हिन्दुस्तान के बाकी हिस्सों में भी जहां जहां लोगों की मृत्यु हुई हैं, कम से कम 50 हजार रुपया उनके आश्रितों को देने का प्रावधान किया जाए।

**श्री इकबाल सिंह (पंजाब) :** ऐसा कोई एनाउंसमेंट नहीं हुआ है।

**श्री महेश्वर सिंह :** पेपर में था। .... **(व्यवधान)** इस घोषणा का मैं स्वागत करता हूं अगर ऐसी घोषणा की गई है। यदि नहीं भी की गई है तो ऐसा कर दिया जाए कि उनके आश्रितों को पैसा दिया जाए। इसके अतिरिक्त आज जो रेवेन्यू मैन्युअल है, उसके मुताबिक जिस किसान की भूमि बह जाती है —**(घंटी)**— उसकी भूमि क्षतिपूर्ति के लिए कोई पैसा नहीं दिया जाता। मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री महोदय से यह भी मांग करना चाहूंगा कि जिन किसानों की भूमि बह गई है, जिनकी फसल नष्ट हो गई है उनको भी राहत कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ न कुछ दिया जाए, क्योंकि रेवेन्यू मैन्युअल के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में अगर किसी का मकान गिर जाता है तो उसको मैक्सिमम 10 हजार रुपया दिया जाता है। 10 हजार रुपए में आज मकान बनाना संभव नहीं है और जिसकी फसल लुट जाती है, जिसकी फसल बह जाती है, नष्ट हो जाती है, तो उसको तो आज एक पैसा भी नहीं दिया जाता। तो मैं आपके माध्यम से यह भी मांग करना चाहूंगा कि जिन लोगों की फसल नष्ट हुई है उसकी क्षतिपूर्ति की ओर भी ध्यान दें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान इन बातों की ओर दिलाना चाहूंगा और मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जो आज तक हिमाचल प्रदेश में न जाकर आप लोगों ने गलती की है, आप उसमें सुधार करेंगे और स्वयं वहां का सर्वेक्षण करेंगे। मैं एक बात और आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जो सारे देश के लिए बिजली पैदा करता है लेकिन खेद का विषय है कि 1990 से पहले जितनी भी परियोजनाएं उस धरती पर बनी हैं, उस बिजली में रायल्टी का अधिकार हिमाचल को नहीं है। जो प्रदेश लोहा पैदा करता है उसको लोहे पर रायल्टी लेने का अधिकार है, जो कोयला पैदा करता है वह कोयले पर रायल्टी लेने का अधिकार रखता है। तो हिमाचल प्रदेश जो छोटा सा प्रदेश है, जिसकी आय के अपने कोई साधन नहीं हैं— **(घंटी)**— तो मुझे विश्वास है कि ऐसे संकट की घड़ी में अगर केन्द्र की सरकार यह घोषणा करदे कि हिमाचल प्रदेश को भी उसकी जितनी भी 1990 से पहले की परियोजना हैं उस पर रायल्टी प्रदान की जाएगी, तो वह भी ऐसी घड़ी में एक सहायता उस प्रदेश के लिए सिद्ध होगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं धन्यवाद करता हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Anant Ram Jaiswal —- not present. Shri S. S. Ahluwalia — not present. Shri S. S. Surjewala. I am not going to call those who are not present.

**श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) :** उनकी जगह हम लोगों को बुलवा लीजिए।

**उपसभापति :** आपके यहां बाढ़ आई है तो बुला देंगे। बोलिए।

I will not call those who are not present here.

SHRI JAODISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): There are only two 'Members from that side.. ..*(.Interruptions)* .... \

SHRI SANGH PRIYA GAUTHAM: There is no Member except the Agriculture Minister.

SHRI S. S. SURJEWALA (Haryana): Madam, at the outset, I want to congratulate the Agriculture Minister for according top priority to the floods in Punjab and Haryana along with the other parts of the country also. In fact, I would request my friends sitting in the Opposition not to make floods a political issue. It is a national calamity and they should not grab everything for petty electoral gains. The floods this year both in Punjab and Haryana, which are the nation's granary, have created a grave situation. Even today, even though the floods have receded, many parts in these two States are still under water. Water has entered many important towns of these two States. Patiala, for instance, is one of the worst-affected areas in the whole of the country. In Haryana, Sirsa town, where the Gagra river bank was breached, is one of the worst-affected towns. Water is still standing in the entire area of the Sirsa town. Life has been completely disrupted. Similarly, Madam, there are about a dozen smaller towns in Haryana which were affected. The number of villages which have been affected by the floods runs into thousands. And many villages remained marooned for weeks together. The damage to the standing crop is colossal'. Particularly, cotton crop and green fodder crop have been almost completely ruined. Even the paddy crop which can sustain even in standing water has also been damaged on account of a very high level of floods. Out of 15 districts of Haryana, three fourths of the area has been affected, and the worst-affected districts are Kaithal, Jind, Sirsa, and Hissar. There are other districts also where almost all the crop is standing in a sheet of water of two inches to six inches.

Madam, drinking water supply schemes are the worst-affected because Haryana is getting its drinking water from Punjab. There are two carrier channels, one is the Bhakra main canal and the other is Narwana canal, which carry Haryana's share of water to the State from the Punjab territory. These two carrier channels were either breached or cuts were made in these two canals. There are as many as 25 cuts in the Narwana canal, and there are about a dozen cuts in the Bhakra main canal. If these cuts are not repaired and the breaches are not plugged, almost 4,000 drinking water schemes in Haryana are going to be starved of water. Already there is and acute shortage of drinking water in most of the towns and most of the villages. Even the paddy crops in most of the areas are also threatened because they are not receiving canal water for irrigation purposes. I hope the Central team will visil Haryana soon and the *aa hoc* grant will be released. The *ad hoc* grant which the Prime Minister announced at the time of his visit to the flood-affected areas of Punjab and Haryana is, I think, about Rs. 12 crores which is too small, too paltry. I hope that liberal financial assistance will be given by the Government of India to the State of Haryana because, besides the crops, there is a heavy loss of human life, there is a heavy loss of cattleheads. And almost all the schools, all the hospitals and all the drinking water supply schemes in three-fourths of Haryana are under water. Almost all the roads in these areas have been severely damaged. Then is a great loss to public property and private property. So, to mitigate the sufferings of the people, to provide then immediate shelter and food and medicine and also to compensate the farmers whose crops have been completely damaged, the Haryana Government needs immediatelj at least Rs. 100 crores in the shape of *ad hoc* grant. The net loss assessed on *ad hoc* basis so far amounts to more than Rs. 500 crores. Madam, through you, I would like to draw the attention of the hon. Minister for Agriculture. There are still six weeks to go. There may be more rainfall; there can be more floods. Though the saturation point has already been reached, there is still some

danger of some more rains and more floods. In that case, these will create more havoc though already a great havoc has been caused. Therefore, necessary preventive measures are required to be taken and for that, the State Governments will be needing financial assistance.

Finally, through you, I would again request the Government of India to persuade the Government of Punjab to see that the Bhakra mainline canal and the Narwana canal which are the lifeline for the State and which carry canal water from Bhakra reservoir to the State of Haryana, are repaired and breaches plugged immediately on a war-footing; otherwise, there will be a very serious crisis of drinking water and also the standing agricultural crops will be threatened in Haryana because we are helpless; we cannot do anything. These breaches are to be plugged immediately. Therefore, I would request the Government of Punjab, through you, and also the Government of India to come to the rescue of the people of Haryana. With these words, I thank you for giving me the opportunity to speak.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Satish Pradhan, not here. Shri Ambedkar, not here. Shri Ram Gopal Yadav, not have. Shrimati Sarla Maheshwari.

**श्रीमती सरला माहेश्वरी** (पश्चिमी बंगाल) : माननीय उपसभापति महोदया, हर वर्ष की तरह फिर एक बार हमारा देश बाढ़ की चपेट में है। पूरे उत्तर पूर्व भारत से लेकर पश्चिम भारत तक हर राज्य का कोई न कोई हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। करोड़ों की संख्या में लोग इससे प्रभावित हुए हैं। एक हजार के करीब लोग मारे जा चुके हैं हालांकि मंत्री महोदय ने 859 का आंकड़ा दिया है। करोड़ों की संपत्ति तबाह हो चुकी है। करोड़ों लोग बेघरबार हो चुके हैं। लगातार कई वर्षों से जिस प्रकार से बारिश के मौसम में हमारे देश के कई हिस्से जलप्लावित हो जाते हैं, उससे बारिश के मौसम को हमारे देश में बाढ़ का मौसम कहा जाने लगा है।

उपसभापति महोदया, जल संसाधन के उपयोग तथा बाढ़ नियंत्रण की कई लंबी चौड़ी योजनाएं स्वतंत्रता के इन 45 वर्षों में बन चुकी हैं। 8वीं पंचवर्षीय योजना में दिए गए आंकड़ों के अनुसार पहली योजना से सातवीं योजना के काल में सिर्फ बाढ़ नियंत्रण के काम में 2500 करोड़ रुपया खर्च किया जा चुका है। इस योजना में बताया गया है कि हर वर्ष औसतन 1439 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं, प्रति वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपए का नुकसान होता है। इसके अलावा 1953 से 1987 के दौरान बाढ़ के कारण फसलों, मकानों, मवेशियों तथा सार्वजनिक सुविधाओं में 26800 करोड़ रुपए की अनुमानित क्षति हुई है। जाहिर है कि बाढ़ हमारे देश के लिए एक असाध्य रोग बनता जा रहा है। खास तौर से इस वर्ष इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ की विभीषिका को हम देख रहे हैं। निश्चित रूप में इस बात से हमारे लिए गंभीर चिन्ता का रूप धारण कर लिया है।

उपसभापति महोदया, हर वर्ष बाढ़ नियंत्रण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद बाढ़ में कमी के बजाय उसकी विभीषिका बढ़ती ही जा रही है। जहां तक मेरे पास खबर है, अकेले पश्चिमी बंगाल के जलपाइगुड़ी और कूच बिहार के 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वहां पर एक हजार के करीब मवेशियों की जानें जा चुकी हैं और डेढ़ सौ के करीब लोग मारे जा चुके हैं। इससे भी बदतर
1 P.M. हालत पूर्वांचल की है। पूरा पूर्वांचल कई दिनों तक पूरे भारत से कटा रहा। बहुत बुरी हालत है त्रिपुरा असम जैसे राज्यों की जहां पर मंत्री महोदय ने दौरा किया और जिसका जिक्र यहां किया। जम्मू-कश्मीर से लेकर हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब ये तमाम राज्य बाढ़ की विभीषिका को झेल रहे हैं। शहरों तक की स्थिति इतनी खराब हो गई है। खुद राजधानी

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

दिल्ली के जमना पार इलाकों में कई दिन तक पानी भरा रहा। हजारों-हजार लोग पानी के अंदर डूबे रहे। उनकी सहायता के लिए सेना को बुलाना पड़ा। मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं उस क्षेत्र की ओर जहां से वह आते हैं। राजस्थान और उसके बगल में पंजाब है। वहां जिस तरह की बाढ़ आई है, खासकर पंजाब में, उसके बारे में लोग कहते हैं कि 50 के जमाने की बाढ़ याद आती है। उस जमाने में जैसी भयावह बाढ़ आई थी वैसी भयावह बाढ़ इस बार देखने को मिल रही हैं। पंजाब के अंदर करोड़ों रुपये की फसल नष्ट हो गई है। मवेशियों का नुकसान हुआ है। मंत्री महोदय जानते होंगे कि पंजाब जैसे राज्य में जब इतने करोड़ों का नुकसान हुआ तो उसका देश पर क्या असर पड़ेगा। मेरे कहने का अर्थ यह है कि आज अच्छे मानसून की जिस घोषणा से हमारे मंत्री महोदय और हमारी सरकार उत्साहित होती रही है और यह कहा जाता रहा है कि हमारा बफर स्टाक पड़ा हुआ है। हमारे सारे पुराने रिकार्ड टूट गये हैं तो शायद वह पुराने रिकार्ड कितने दिन तक इस बाढ़ के कारण से कायम रख पायेंगे यह मंत्री महोदय बतायेंगे। बहरहाल इस बाढ़ से देश की जो आर्थिक क्षति हुई है, सामाजिक क्षति हुई है उसकी भरपाई कैसे होगी इसके लिए किस तरह से फौरी और दूरगामी कदम उठाये जायेंगे यह मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगी।

राज्य सरकारों की हालत यह है कि उनके आर्थिक संसाधन केन्द्रीय सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते पहले से ही संकुचित होते जा रहे हैं। ऐसे में बाढ़ की इस भयावह विभीषिका से जूझने की अगर जिम्मेदारी सिर्फ राज्य सरकारों को दी जाती है तो निस्संदेह यह उनके लिए बिल्कुल ही असंभव कार्य होगा कि वे अपने संसाधनों से अपने राज्य की जनता जो कि बाढ़ की विभीषिका को झेल रही है उसका दुख दर्द दूर कर सके। इसलिए केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी है कि फौरी, तात्कालिक कामों के बारे में कदम उठाये। यह समस्या हमारे देश की सिर्फ फौरी और तात्कालिक समस्या नहीं है इसके लिए बहुत दीर्घकालिक कदमों को उठाने की जरूरत है। इस संबंध में मैं याद दिलाना चाहूंगा मंत्री महोदय को कि बाढ नियंत्रण का बहुत बड़ा संबंध देश के जल संसाधनों के उचित प्रबन्ध से और भूमि के उचित प्रबंधन से है। सभी जानते हैं हमारे देश में बाढ़ और सूखा लगभग साथ-साथ चलते रहे हैं। सरकारी आकड़ों के अनुसार हमारे देश में 40 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र अर्थात देश के भौगोलिक क्षेत्र का आठवां हिस्सा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। लगभग इसी तरह का बहुत बड़ा क्षेत्र सूखा पड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता है। नदियों के जल के आवंटन को लेकर राज्य आपस में गुत्था-गुत्थी कर रहे हैं, राज्यों में झगड़े चल रहे हैं। जल संसाधन के उपयोग का मसला निस्संदेह हमारे देश के राष्ट्रीय विकास से जुड़ा हुआ है। हम सभी जानते हैं प्राकृतिक संसाधन किसी भी राज्य के विकास की बुनियादी जरूरत है। इस प्राकृतिक संसाधन का उचित ढंग से इस्तेमाल भी किसी भी राष्ट्र के विकास की गारन्टी भी है। 1983 में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् का गठन किया गया था और 1987 में इसी परिषद् ने एक राष्ट्रीय जल नीति तैयार की। इस निति के अंतर्गत बाढ़ की विभीषिका जल संसाधन की योजना और विकास कार्यों को मद्देनजर रखा गया। आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में दिये गये तथ्यों से यह पता चलता है कि पहली से सातवीं पंचवर्षीय योजना के काल में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण योजनाओं पर लगभग 45 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं और इन 40 वर्षों में 45 हजार करोड़ रुपये खर्च करके जल-संसाधनों के उचित उपयोग और जिन योजनाओं पर अमल किया गया उसके बारे में आठवीं पंचवर्षीय योजना में जो टिप्पणी की गई है उस

मंटिप्पणी की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। आठवीं पंचवर्षीय योजना में यह कहा गया है, मैं कोट करती हूं कि "बड़ी और मध्यम सिंचाई के क्षेत्र में पहली योजना से ही सबसे बड़ा रोग यह रहा है कि लगातार ज्यादा से ज्यादा परियोजनाय शुरू करने की प्रवृत्ति हो गई जिसके परिणामस्वरूप परियोजनाओं की बहुतायत हो जाती है और अधिकांश परियोजनाय अनियंत्रित हो जाती हैं और परियोजनाओं की लागत तथा उनका समापन समय बेहिसाब बढ़ जाता है।" इसी के आधार पर आठवीं योजना के दौरान यह निर्णय लिया गया कि अब कोई नई परियोजनायें शुरू नहीं की जाएंगी और जो पुरानी परियोजनायें लम्बित पड़ी हुई हैं उन पर आगे काम किया जाएगा। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि मंत्री महोदय स्वयं इस बात से अवगत होंगे और अगर अवगत नहीं है तो अगर अपनी रिपोर्ट में झांकेंगे तो निश्चित रूप से इस बात को जान जाएंगे कि जल साधनों के समुचित प्रबन्धन के मामले में हमारे देश में कितनी अराजकता चल रही है।

बाढ़ नियंत्रण में पांच जरूरी काम होते हैं। उनको मंत्री महोदय जानते होंगे, मैं उनको दोहराना चाहूंगी। जो जरूरी पांच काम बाढ़ नियंत्रण के लिए हैं वे ये हैं: पहला काम यह है कि वनों की रक्षा की जाये, दूसरा घास आदि से जमीन और मिट्टी के जमाव को सुरक्षित रखा जाये। तीसरा पानी और बाढ़ नियंत्रण के लिए जगह जगह छोटे बांधों का निर्माण किया जाय। चौथा काम यह हैं कि नदियों के तल को गहरा किया जाय यानी जिसको रिवर ड्रेजिंग कहते हैं वह किया जाय और पांचवा काम यह है कि तटबंधों को तैयार करना। इन मामलों से निपटने के लिए पिछले 45 वर्षों में हमारा मंत्रालय और हमारी सरकार इन पांच कामों में पहले चार कामों की लगातार उपेक्षा करती चली आ रही हैं और इसके चलते इस बाढ़ जैसी भयावह समस्या से हम निपट नहीं पा रहे हैं। जंगलों की अनियंत्रित कटाई के कारण गम्भीर समस्या खड़ी हो गई है। हम सभी जानते हैं कि नदियों में जो पानी आता है वह बहुत बड़ी मात्रा में अपने साथ मिट्टी लेकर आता है जिसके चलते नदियां उथली होती जा रही हैं। नदियों का तल ऊंचा उठता जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए आप करते क्या हैं? इस समस्या से निपटने के लिए आप सड़कों पर तटबंध ऊंचा बना देते हैं और सड़कों पर ये तटबंध ऊंचे होते जा रहे हैं और अगर थोड़ी भी बारिश आ जाती है तो पूरे के पूरे गांव पानी में डूब जाते हैं क्योंकि गांवों में प्राकृतिक जल निकास की जो व्यवस्था होती है उसको आप नष्ट कर देते हैं और तटबंधों पर तेज वर्षा के कारण दरार पड़ जाती है जिससे गांवों में भयावह बाढ़ आ जाती है। इसलिए मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगी। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की रिपोर्ट मैंने देखी है। उस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 1971 से 1980 के बीच 10 वर्षों में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र दुगुने हो गये हैं...
**(व्यवधान)**

**उपसभापति:** इस पर काफी लोग बोलने वाले हैं, अब आप जल्दी समाप्त कीजिये।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैं थोड़ा समय और लूंगी। मैं यह कह रही थी कि वह क्षेत्र 1971 से 1978 में 20 मिलियन हैक्टयर से 1980 में बढ़ कर 40 मिलियन हैक्टयर हो गया है। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यह देखकर होता है कि मंत्रालय की जो वार्षिक रिपोर्ट है, जो हमें दी जाती है, बड़े सुन्दर, साफ-सुथरे कागज पर उसकी छपाई होती है, बढ़िया उसकी छपाई होती है, लेकिन उस रंगीन पत्रिका को जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि तथ्यों और आंकड़ों को छिपाने की कोशिश की जाती है। राष्ट्रीय बाढ़

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

आयोग की रिपोर्ट और मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में आंकड़ों में बड़ा अन्तर रहता है। इतना बड़ा अंतर है, इतना बड़ा विरोधाभास है कि उसको लेकर कई बार चर्चायें हो चुकी हैं कि आखिर सवाल का जरूर जवाब दें कि क्या आपने इस बात की आज तक समीक्षा की है कि राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने जो यह तथ्य दिये हैं वे सही हैं?

इसके साथ ही उपसभापति महोदया, एक और बात की ओर मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। 1984 में ढाका में एशिया में जल संसाधन के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय सिम्पोजियम हुआ था। इस अंतरराष्ट्रीय सिम्पोजियम में एशिया के कई देशों ने हिस्सा लिया। इससे भूटान, चीन, भारत बंगला देश, इंडोनेशिया, मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव, फिलिस्तीन तथा थाईलैंड आदि कई देशों ने हिस्सा लिया था। इसमें चीन के प्रतिनिधि ने जो पर्चा रखा था, उसमें उन्होंने जिन तथ्यों को रखा था, मैं उनको यहां पर उधृत करना चाहती हूं। उन्होंने कहा था कि:

"भविष्य में हमारी राष्ट्रीय व्यवस्था जितनी ही विकसित होगी बाढ़ से होने वाले नुकसान का अनुपात उतना ही ज्यादा होगा।"

आप यदि राष्ट्रीय विकास की गति को तेज करना चाहते हैं तो बाढ़ आदि की तरह ही प्राकृतिक विपदाओं से होने वाले नुकसान से राष्ट्र को बचाने की ओर विशेष रूप से ध्यान देना होगा।

**उपसभापति :** सरला जी, बस बहुत हो गया आपका भाषण।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** उपसभापति महोदया, मुझे थोड़ा सा वक्त और दें। (व्यवधान)..

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know she is making good points but, perhaps, others also will make good points. (Interruptions) ... I know, but there are others also.... (Interruptions) ..,,

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** उपसभापति और बोलने दिया जाये। मंत्री महोदय को मेरी इस बात का जवाब देना बहुत जरूरी है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Take just one minute and finish.

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** उपसभापति महोदया, मैं यह कहना चाहती हूं कि हम जिन लोगों की यहां पर चर्चा कर रहे हैं उनकी असली हालत क्या है, हमारी जनता को राहत किस तरह पहुंचायी जा रही है, उसकी चर्चा मैं यहां पर करना चाहूंगी। महोदया, प्राकृतिक आपदाओं के शिकार लोगों को राहत देने के लिये केंद्रीय सरकार ने 603 करोड़ रुपये रखे हैं। हर वर्ष हमारे देश में सूखा बाढ़, महामारी भूकम्प और समुद्री तूफान आते हैं और इन प्राकृतिक आपदाओं से 37 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। अगर हम इसका हिसाब लगायें तो इन 37 करोड़ो लोगों के पास कितना रुपया पहुंचेगा? एक व्यक्ति के पास सिर्फ 16 रुपया आता है। इन 16 रुपयों से आप क्या अपेक्षा करते हैं? क्या हमारे वे लोग जो इन प्राकृतिक विपदाओं से प्रभावित होते हैं' 16 रुपयों से आप उनका जीवन सुरक्षित कर देंगे, आप इसमें उनका जीवन उनको लौटा देंगे? उपसभापति महोदया, इसलिये मैं यह चाहूंगी कि इस तरह की यह भयावह समस्या है और आई० एम०एफ० और वर्ल्ड बैंक लगातार हमारे ऊपर प्रेशर डाल रहा है कि अपनी इन सामाजिक सुविधाओं को, इन सामाजिक सेवाओं को सरकार अपने हाथ से हटा दे। उनके इस सुझाव से मंत्री महोदय अवगत होंगे कि किस तरह लगातार वर्ल्ड बैंक सरकार पर प्रेशर डाल रहा है कि वह सिंचाई के काम से अपने हाथ हटा ले और उसका निजीकरण कर दे। ऐसी स्थिति में मैं चाहूंगी कि हमारे मंत्री महोदय जवाब दें कि हमारा देश, जो संसाधनों से

भरपूर है वहां पर इन संसाधनों का क्यों इस तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है इन संसाधनों को अगर अच्छे ढंग से विकसित किया जाय और इनके विकास को पर्यावरण संतुलन के साथ जोड़कर इसमें ग्राम जनता को भागीदार बनाया जाय तो उसका लाभ उनको मिल सकता है। खाली नौकरशाहों और टेक्नोक्रेट्स के जरिये आप किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते हैं। नौकरशाहों और टेक्नोक्रेट्स के चलते केवल योजनाओं पर योजनायें बनती चली जायेंगी, बड़ी बड़ी योजनायें जैसे नर्मदा योजना, टिहरी बांध योजना जैसी अनेक योजनायें बनती हैं लेकिन कोई योजना पूरी नहीं होती। होना तो यह चाहिये कि जहां जरूरी है वहां के लिये छोटी-छोटी योजनायें बनायें, नहरों को खोदकर गहरा करें। लेकिन इन चीजों पर ध्यान नहीं दिया जाता। हमारी करोड़ों रुपयों की योजना बनती है, जिसमें कुछ चंद लोगों की चांदी हो जाती है। वास्तविक अर्थों में जिन योजनाओं से छोटे लोगों को लाभ पहुंच सकता है और जिनसे इस समस्या का समाधान हो सकता है, उसकी ओर हमारी सरकार का ध्यान कतई नहीं जाता। इसलिये मैं चाहूंगी कि हमारी सरकार सिर्फ फौरी कामों पर नहीं, सिर्फ बड़ी योजनायें नाम के लिये चालू न करके में वास्तव में हमारे देश में वस्तुगत यथार्थ को समझते हुए, हमारे देश की जरूरत क्या हैं, हमारे देश की आवश्यकतायें क्या हैं, इस तरह से वे काम करें।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Saralaji, now please sit down. There are other namrai also.

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** आपने मुझ बोलने का समय दिया, इसके लिये आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**सभापति :** आप तीन-तीन चार-चार मिनट लेंगे तो मैं दूसरे लोगों को भी इजाजत दे सकूंगी।

**श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) :** माननीया उपसभापति महोदया, बाढ़ की जो त्रासदी है, वह दरअसल प्रकृति की देन है। यह स्वाभाविक है कि हर मौसम अपने साथ वरदान के साथ साथ अभिशाप भी लाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति है कि जब बारिश प्रारंभ होती है तो खुशी के साथ साथ यह गम भी लेकर आती है और यही स्थिति हुई कि हमारे देश के अनेक राज्यों में जल प्रलय की स्थिति हो गई। उससे अनेकों-अनेक राज्य बहुत बुरे तरीके से प्रभावित हुए जिससे वहां का जनजीवन प्रभावित हो गया, वहां के पशु-पक्षियों पर प्रभाव पड़ा, वहां के वातावरण पर उसका प्रभाव पड़ा यह प्रभाव तत्कालिक तो था ही और दीर्घकालिक भी रहा जिस पर विचार करना कृषि विभाग के लिये भी बहुत ज्यादा आवश्यक है।

महोदया, जो शासकीय आंकड़े हैं उसी के मुताबिक विभिन्न राज्यों में जनसंख्या के आधार पर 99.2 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। और तो और जो जनहानि हुई है वह 851 लोगों की हुई है। यह आंकड़ अपने आप में बहुत चौंकाने वाले हैं ही लेकिन जो प्रमुख बात है वह यह है कि एसी क्या वजह है कि प्रतिवर्ष इस सदन में हमको ऐसे वातावरण में चर्चा करनी होती है। बाढ़ की वजह से जो लोग प्रभावित होते हैं उनके बारे में हम लोग दर्द का अहसास करते हैं। लेकिन एसे कोई उपाय हम अभी तक नहीं कर पाये हैं जिनकी वजह से ऐसी स्थिति निर्मित हो कि हमें इस सदन में फिर इस विषय पर बहस न करनी पड़े।

महोदया, जो कैलेमिटी रिलीफ फंड है, उसके संबंध में भी मैं जिक्र करना चाहूंगा। जो अभी तक अलग अलग राज्यों की एलोकेशन है और जो 1993 94 के लिये रीलीज हुई है, वह राशि बहुत कम है। जैसे पंजाब सबसे ज्यादा अफेक्टिड राज्य है। इसमें 28 करोड़ का एलोकेशन हुआ लेकिन साढ़े दस करोड़ रुपया रिलीज हुआ। इसी प्रकार, से असम, है, यह हिन्दुस्तान म नम्बर दो

[श्री सुरेश पचौरी]

राज्य है जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, उसमें 30 करोड़ का एनुअल एलोकेशन था लेकिन जो रिलीज हुआ वह 11.25 करोड़ रुपया हुआ; मध्य प्रदेश यद्यपि बहुत कम बाढ़ से प्रभावित रहा है लेकिन इसमें भी जो एलोकेशन या उसके अनुपात में जो फंड रिलीज हुआ, वह बहुत कम था । मंत्री जी जो इस संबंध में बहुत जागरूक हैं, जिन्होंने तत्परता भी दिखाई है बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में न केवल जाकर के लोगों को राहत पहुंचाने कि बल्कि भविष्य में भी बाढ़ से सफर न करना पड़े, इसके लिये उन्होंने समय समय पर अलग अलग मीटिंग्ज भी बुलाई है । मैं उनसे आग्रह करूंगा कि जो 37 करोड़ का सी.आर.एफ. में प्रावधान है वह तीन इंस्टालमेंटस में 1993-94 में अभी तक केवल 20.81 करोड़ मध्य प्रदेश के लिये रिलीज किया गया है, इसको बढ़ाया जाय । साथ ही साथ जो सेंट्रल रिलीफ कमिश्नर्ज की बैठक आपने 7 जून, 1993 को बुलाई और क्राइसेज मैनेजमेंट की जो बैठक आपने केबिनेट सेक्रटरी की अध्यक्षता में 13 जुलाई को बुलाई उससे निश्चित रूप से उपाय निकालेंगे । मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि जो केलेमिटी रिलीफ फंड अलग अलग राज्यों का है, वह फंड उनके लिये जितना निश्चित है वह उनको मिल पाये, एसी कोशिश आप करेंगे । एसा मेरा आपसे अनुरोध है । प्रधान मंत्री जी ने 16 जुलाई को यद्यपि पंजाब और हरियाणा का विजिट किया इसके साथ साथ आपने भी कुछ बाढ़ प्रभावित राज्यों का जो दौरा किया यह एक अच्छी कदम था लेकिन इसके साथ साथ मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहूंगा कि जो स्वास्थ्य सुविधयें दी जानी चाहिये जो आवास और खाने पीने का प्रबंध इन बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिये करना चाहिये, जो सफाई की व्यवस्था होनी चाहिये, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था होनी चाहिये इस संबंध में भी आप कृपा पूर्वक पहल करेंगे, ऐसा मेरा आपसे आग्रह है ।

मिनिस्टीरियल सेंट्रल टीम भी जो आपने कुछ राज्यों में भेजी, उसकी रिपोर्ट के आधार पर आप तत्काल कार्यवाही करेंग एसा मेरा आपसे अनुरोध है । इसके साथ साथ मेरा आपसे आग्रह यह है कि प्रतिवर्ष हमको बाढ़ से प्रभावित स्थिति के लिये चर्चा न करनी पड़ इसके लिये आवश्यक है कि जो फलड प्रोन एरिया आइड ढिाइड है उसमें प्रीक.शनरी मेजर पहले से पपनाया जा.न. बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके लिये सद्रल वाटर कमीशन को दुस्त और दुरुस्त करना बहुत ज्यादा आवश्यक है ।

जो अनप्लान्ड ग्रोथ हो रही है कालोनीज की, झुग्गी झोपड़ियों की उस पर अंकुश रखना बहुत ज्यादा जरूरी है । जो ड्रेन सिस्टम है अरबन एरियाज का उसकी प्रापर मेन्टिनेंस नहीं हो पाती है, उस पर ध्यान देना बहुत ज्यादा जरूरी है और सिविक अथारिटीज प्री-मानसून सेशन के संबंध में जो ध्यान नहीं दे पाती है, प्रापर सुपरविजन नहीं कर पाती है उस पर ध्यान देना जरूरी है ।

अन्त में, मैं यह कहना चाहूंगा कि फलड प्लेन जो जोनिंग कन्सेप्ट है उस पर गौर आप करेंगे, ऐसा मेरा आपसे आग्रह है । यद्यपि आपने काफी जागरूकता दिखाई है उसके लिये मैं यह तो नहीं कहूंगा कि आप बधाई के पात्र हैं, यह आपका कर्तव्य था और आपने अतने कर्तव्य का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया है । लेकिन इसके साथ साथ यह भी आवश्यक है कि मानवीयता के आधार पर बाढ़ से प्रभावित जो लोग रहे हैं पूरे देश के, सारे राज्यों के, ऐसे प्रधान मंत्री जी ने पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा के लोगों के लिये जो प्रधानमंत्री सहायता कोष से राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की है, जवही राशि अन्य प्रभावित लोगों के लिये जो अन्य राज्यों के भी हैं, आप प्रधान मंत्री सहायता कोष से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे ऐसा मेरा आग्रह है । साथ ही साथ जो बाढ़ से प्रभावित होने की वजह से उनके स्वास्थ्य पर, उनके आवास पर और जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर प्रभाव

पड़ा है उसके लिये आप समुचित कार्यवाही करेंगे ऐसा मेरा अनुरोध है ।

**श्री वीरेन्द्र कटारिया (पंजाब) :** मैडम डिप्टी चेयरमैन, एक उर्दू का शेर है–

"बर्क गिरती है बेचारे मुसलमानों पर"

**उपसभापति :** बर्क ?

**श्री वीरेन्द्र कटारिया :** बर्क । यह मुकम्मिल शेर है । लेकिन पंजाब पर बिल्कुल ऐन सही साबित होता है . . . **(व्यवधान)**

यह तो मैं आपकी तारीफ खुद नहीं कर सकता । आप खुद अपने मुंह से तारीफ कीजिये क्योंकि आप फारसी के बड़े आलम फाजिल हैं । मैं तो मामूली उर्दू जानता हूं ।

मैं आपकी खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि शुरू में मुल्क के मुख्तलिफ हिस्सों में सैलाब ने और खास तौर पर पंजाब में बहुत वसी पैमाने पर तबाही मचायी है । 1947 में जब मुल्क का बंटवारा हुआ, जहां लाखों लोग अपने घरों से उजड़े उस बंटवारे की वजह से उसके साथ एक बहुत बड़ा फ्लड आया था जिस फ्लड ने सारे पंजाब को बरबाद कर दिया था – एक तरफ बंटवारे ने और और दूसरी तरफ फ्लड ने । आज करीबन 48 साल के बाद वैसा ही फ्लड आज पंजाब में आया है जिसने बड़े वसी पैमाने पर इतनी तबाही और डिस्ट्रक्शन मचाया है कि जिन्दगी का कोई पहलू नहीं है जो इससे मुतासिर न हुआ हो । गांव के गांव बरबाद हो गये हैं । सैलाब से सड़कें टूट गयी हैं, सीवरेज सिस्टम खत्म हो गया है, करोड़ों अरबों रुपये की फसलें बरबाद हो गयी हैं, घर टूट गये हैं, मवेशी-पशुधन पता नहीं कितना बरबाद हो गया है । उनके लिये चारा नहीं है । आमदो-रफ्त के रास्ते बन्द हैं, गाड़ियां बन्द हैं, स्कूल बन्द हैं । ऐसा जिन्दगी का कोई मआशरा नहीं है जो पंजाब का इस से मुतासिर न हुआ हो । इस तबाही से पंजाब के 25 लाख लोग मुतासिर हुये हैं । पांच सौ से ज्यादा लोग मर गये हैं, न जाने कितने बूढ़े और बच्चे पानी में बह गये हैं, जिनकी तादाद हमें अभी तक मालूम नहीं है । पांच लाख एकड़ जमीन के अन्दर फसलें बरबाद हो गई हैं, सड़कें, पुल, पानी, बिजली, सीवरेज सिस्टम, टेलीफोन सिस्टम, यह सब बुरी तरह नेस्तो-नाबूद हो गया है । दो हजार गांव, 35 शहर सैलाब से बुरी तरह मुतासिर हुये हैं । पंजाब में तकरीबन सभी जिले मुतासिर हुये हैं ।

कल हमारे भाई इकबाल सिंह ने उस का बहुत तफसील जिक्र किया, मैं तो उसका मुख्तसर जिक्र करना चाहूंगा । पटियाला, लुधियाना, रोपड़, गुरदासपुर, कपूरथला, बटाला, खन्ना, मुकेरियां, जीरा, बुरी तरह इस सैलाब की तबाही से मुतासिर हुए हैं ।

पटियाला शहर का मैं आपसे जिक्र करूं, जो बुरी तरह मुतासिर हुआ है, इस शहर के बाजारों और कूचों में दस-दस फुट पानी फिरता था और लोगों की बदनसीबी का और उनके दुख-तकलीफों का आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं । जिन घरों में दस-दस फुट पानी गुजर जाए, उन घरों की कितनी बरबादी होती है, उस का आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं । दुकानदारों का करोड़ों रुपये का माल खराब हो गया उनकी दुकानों में, और छोटे-छोटे दुकानदार और छोटे-छोटे बिजनेसमैन, जो कि रोज रोजी-रोटी कमाते थे, आज मुकम्मल तौर पर बरबाद हो गये हैं । पटियाला जिले में ही बीस हजार से ज्यादा मकान बह गये हैं, या पूरी तरह तबाह हो गये हैं और एक ही कालोनी से 55 लाशें मिली हैं । झुग्गी-झोंपड़ी वालों का क्या हाल होगा ।

यहां हालत यह है कि श्मशान घाट भी पानी में डूबे हुए हैं और अगर किसी का दाह-संस्कार करना हो, तो उसके लिये भी सोचना पड़ता है कि किस जगह पर

[श्री वीरेन्द्र कटारिया]

क्योंकि ऐसी कोई जगह नहीं आती जो पानी से खाली है । यह पटियाला की ही नहीं, सारे पंजाब की दास्तान है ।

फसलों का नुकसान का सही अंदाजा तो पानी उतरने के बाद ही पता लगेगा, लेकिन अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है और वह पंजाब जो सारे हिन्दुस्तान के लिए अनाज के भंडार देता है, वहां का किसान आज बिलकुल अपने आपको एक अजीब मुश्किल में, दुःख और पीड़ा में महसूस करता है । उसकी फसल उसके सामने तबाह हो गई है । सारा पंजाब इस सैलाब की वजह से बाकी मुल्क के हिस्सों से कट गया है । रेल और यातायात सारा ठप्प हो गया है । सड़कें टूट गई हैं, किसान का पशुधन बह गया है । पटियाला शहर में मैंने खुद देखा है कि पशुओं की लाशें पड़ी हैं, कोई उनको उठाने वाला नहीं है । उनकी हड्डियां, उनका गोश्त नजर आता है, उनका मांस उनसे पूरा उतर चुका है । यह सब ऐसी बीमारियां लायेंगी जिसका आप तसव्वुर भी नहीं कर सकते । ऐसे हालात पैदा होने वाले हैं ।

सैलाब से मुतासिर लोगों की मदद के लिए और बीमारी की रोकथाम के लिए सड़कें, वाटर वर्क्स, बिजली, सीवरेज सिस्टम को ठीक करने के लिए सभी इमदाद के लिए बांधों और नहरों की मरम्मत लिए बहुत बड़ी मदद की जरूरत है ।

प्राइम मिनिस्टर और श्री बलराम जाखड़ जी ने एरियल सर्वे किया है । उन्होंने पंजाब के लोगों को राहत देने की कोशिश की है, लेकिन मैं बड़े अदब के साथ बात को दोहराना चाहता हूं कि 22 करोड़ की रकम, जितना बड़ा नुकसान हुआ है, उसके लिए बहुत थोड़ी है ।

जनाब वज़ीरे ज़रात ने आज कुछ और बातों का एलान किया है, मैं उसका खैर-मकदम करता हूं । मैं उनको कहना चाहता हूं कि उन्होंने यह बड़ा अच्छा कदम लिया है । उनके दिल में पंजाब के लोगों का दर्द है और जहां भी लोग तकलीफ में होते हैं, उनके दुःख का वह अहसास करते हैं । लेकिन उनकी खिदमत में एक बात और अर्ज करना चाहता हूं कि जितना नुकसान है, जितनी तकलीफ है (समय की घंटी)—जितनी पीड़ा है उसके मुकाबले में जो आपने ऐलान किय है, उसका मुकाबला करें, तो वह बात उतनी लगती नहीं, जितनी कि होनी चाहिए ।

पंजाब सरकार ने सरदार बेअंत सिं की रहनुमाई में इतना शानदार काम किय है कि लोग इतनी बड़ी तकलीफ औ दुख के बावजूद, इस बात की सराह करते हैं कि चीफ मिनिस्टर सरदार बेअ सिंह और पंजाब के अफसर साहेबान डिप्टी कमिश्नर्स ने खास तौर पर, अप जिलों में जी-जान से काम किया है लोगों को पानी से निकाला है उनके लिए छत मुहैया की है । स्कू खाली कराए हैं, धर्मशालायें खाली करा हैं । उनके लिए मदद की है और ज मर गए हैं उनकी जिन्दगी का कीमत स अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, लेकि फिर भी उन्होंने 50 हजार रुपये फी म वाले के खानदान के लिए देने का एल किया है और हमें उनकी जो इतनी ब मुश्किलें हैं, वह जो पंजाब गवर्नमेंट साधन हैं, 10 साल 12 साल पंजाब इ दहशतगर्दी से कितना मुतासिर हुआ, पंज बर्बाद हो गया । उसकी एकोनोमी शैट हो गई । आज जब पंजाब दोबारा उठ की कोशिश कर रहा है तो कुदरत क एक और अताब उस पर पड़ा है । पंज खुद उस अताब को झेल नहीं सकता उसको हिन्दुस्तान की मदद की जरूरत है यह एक नैशनल कैलामिटी है । इसको सि पंजाब का मसला नहीं समझना चाहिए नैशनल कैलामिटी समझ कर अ वह पंजाब जो कि हिन्दुस्तान शमशीरजन रहा है । और उसने वह पी.एल. 480 था उससे निजात दिल है । जो हमारे हाथ में ठूठा था उस छीन कर आज सारे हिन्दुस्तान की हाल ऐसी पंजाब के किसानों ने कर दी है कि आ हम दुनिया के दूसरे हिस्सों में एक्सपोर्ट क के काबिल हुए हैं । तो उस पंजाब के किस की आज मदद के लिए अपने मुल्क के दूर हिस्सों को अपने मुल्क की हकूमत के ऊ वह दरख्वास्त करता है और मैं पंजाब लोगों की तरफ से बलराम साहब खा

तौर से आपसे और जनाब वाइस चैयरमैन आपकी बसातत से प्राइम मिनिस्टर साहब से यह कहना चाहता हूं कि पंजाब आज एक बहुत बड़ी मुश्किल में है। उसको आपकी मदद की जरूरत है। यह हिमाचल की एक ही स्टेट को इतना दे दिया एक मेरे हिमाचल के भाई शिकायत कर रहे थे कि पंजाब में चले गए और हिमाचल में नहीं गए, मुझे अफसोस है, मैं उनकी बहुत कद्र करता हूं जनाब महेश्वर साहब की, लेकिन यह बहुत छोटी बात है। पंजाब को आप किस तरीके से जहनों को आप मत बांटिए, कुछ ऐसा एक शेर था कि :

"जहने इंसान की हदें गर
इस तरह घटती रहीं,

तो इस जमीन पर सरहदें
ही सरहदें रह जायेंगी।"

जहनों को आप मत बांटिए। आज पंजाब बड़ी मुश्किल में है, पंजाब चिल्ला रहा है, पंजाब जो पहले ही अतवाद से और टैरोरिज्म से तबाह और बर्बाद हुआ पड़ा था, लोगों के दिल टूटे हुए थे, आज सैलाब ने उसको फिर बर्बाद कर दिया है। वह आपसे तवक्को इस बात की करता है कि आप उसकी मदद करेंगे। मैं आपकी वसातत से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि बेतहाशा रकम पंजाब को खड़ा करने के लिए दें। सारा जो सिस्टम तबाह हो गया है उसको ठीक करने के लिए दें और पंजाब के किसानों की जो फसलें तबाह हो गई हैं उनको खड़ा करने के लिए दें। इस मुश्किल के वक्त में सरकार उसको यह एहसास दे कि पंजाब के किसान के पीछे जिसने कि टैरोरिज्म को खत्म करने के लिए आखिर में भरपूर कोशिश की अनाज पैदा किया और फौज में बेतहाशा सिपाही भेजे ताकि मुल्क की सरहदों की हिफाजत करें, उसको यह महसूस न हो कि इनको इस देश में एक स्पेशल और खास मुकाम नहीं है।

इस बात से मैं अपनी दरख्वास्त को खत्म करता हूं।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mrs. Sinha and others will be speaking after the lunch-hour. Now the House is adjourned till 2.30 p.m. for lunch.

The House then adjourned for lunch at thirty-three minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock, The Vice-Chairman (Shri V Narayanasamy) in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We will continue the discussion on the Calling Attention. Smt. Kamla Sinha.

**श्रीमती कमला सिन्हा** (बिहार) : महोदय, आज सदन में हम हिंदुस्तान के कई प्रांतों में आई बाढ़ के बारे में चर्चा कर रहे हैं। हम जानते हैं कि उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में, पूर्व भारत में, बिहार में भयंकर बाढ़ हैं। इस संबंध में मेरे पूर्व बोलने वालों ने चर्चा की है, मैं उन सभी बातों को दोहराना नहीं चाहूंगी और खासकर मैं अपने प्रांत बिहार के बारे में ही बात करूंगी।

महोदय, उत्तरी बिहार में भयंकर बाढ़ आई हुई है। हम जानते हैं कि बिहार का उत्तरी हिस्सा हिमालय है और हिमालय से जो नदियां आती हैं, वह सारे बिहार में अपार जल-भंडार लेकर आती हैं। महोदय, हम इस सदन में बारंबार बाढ़ और सुखाड़ की चर्चा करते हैं। मुझे याद है, मैंने स्वयं एक प्राइवेट मैम्बर रेजोलूशन के जरिए इस सदन में खासकर के "बिहार में बाढ़ की स्थिति" के बारे में चर्चा की थी। हम बात करते हैं, सरकार हमारी बात सुन लेती है और राज्य सरकार भी जब मांग करती है तो थोड़ा बहुत कुछ बातों पर ध्यान भी दे लेती है, लेकिन कोई खास बात बनती नही हैं।

[श्रीमती कमला सिन्हा]

उपाध्यक्ष महोदय, मैं जानती हूं और आप लोग भी जानते ही हैं कि उत्तर बिहार की जो नदियां हैं–बाधमती, कोसी, गंडक, कमला, बलान, महानंदा, यह सभी नदियां हिमालय से आती है और इन्होंने पूरे उत्तर बिहार को जलप्लावन में डुबो कर रखा है अभी। लगभग बीस लाख लोग इसमें घिर गए हैं। भयंकर स्थिति है। जिलों का अगर हिसाब लिया जाए तो इसमें मोतीहारी, कटिहार, दरभंगा, पूर्णिया, मधुबनी, झंझारपुर, सुपोल, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर जिले हैं। इसमें प्रधानमंत्री जी 30 जून को गए थे। मुख्यमंत्री ने भी बाढ़ की स्थिति को देखा है। फौज वहां बुलाई गई। सेना की सहायता से वहां पर लोगों को खाद्य वस्तुएं पहुंचाने का काम हो रहा है। सबसे बड़ी बात जो है अगर केवल हम बाढ़ की विभीषिका पर चर्चा करते जाएं तो उससे तो ठीक हैं, कई घंटों तक कहा जा सकता है उसके ऊपर कि कैसे बाढ़ आती है, कैसे पानी का तूफान आता है, कैसे घर उजड़ते हैं, कैसे गांव उजड़ते हैं, क्या दुर्दशा होती है लोगों की, इन बातों पर चर्चा हो सकती है और होनी भी चाहिए, लेकिन उससे कोई निदान निकलता नहीं। मैं यह कहना चाहूंगी कि इस तरह से यह बाढ़ और बाढ़ की स्थिति क्यों आती है? सरकार ने हमारे सामने एक दस्तावेज रखा है, मंत्री जी का पूरा एक बयान। मंत्री जी ने कहा है कि हम क्या-क्या कर रहे हैं, क्या किया है। उन्होंने इसका पूरा ब्यौरा दिया है। इस तरह का ब्यौरा हमेशा दिया जाता है, लेकिन बात कुछ बनती नहीं है।

महोदय, मैं दो-तीन बातों पर चर्चा करना चाहूंगी। एक तो हिमालय से जो नदियां आती हैं, उसके लिए नेपाल के साथ भारत सरकार क्या कोई स्थिर नीति बनाएगी, जिससे बाढ़ को रोका जा सके। ... (व्यवधान)...

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Mr. Vice-Chriirman, it is very strange that we are discussing a very serious subject and no Member is there on the Treasury Benches.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl V. NARAYANASAMY): No, no; you kindly take your seat. It is not the convention of the House. Madam, you can continue now.

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): It is part of convention... *{Interrup. tions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, yon can continue... *(Interruptions)...* Kindly take your seat. Madam, you can continue.

**श्री महेश्वर सिंह :** यह सब बाढ़ग्रस्त हो गए हैं।

**श्रीमती कमला सिन्हा :** बाढ़ग्रस्त हो गए हैं तो रिलीफ के लिए तो हम लोगों को ही जाना पड़ेगा। इसलिए आप शान्ति से बैठिए।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** वे खुद को रिलीफ कर रहे हैं।

**श्रीमती कमला सिन्हा :** अपना क्या कर रहे हैं, वह तो देखा जाएगा।... (व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V NARAYANASAMY): Mathurji, kindly don't disturb when the hon. Member is speaking.

**श्रीमती कमला सिन्हा :** मैं यह कहना चाहती हूं, उपसभाध्यक्ष महोदय, कि नेपाल से जो नदियां आती हैं, उसके बारे में केन्द्र सरकार को योजना बनानी चाहिए। केन्द्रीय सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है? नेपाल सरकार के साथ कोई ऐसी योजना बननी चाहिए, जिसके द्वारा नेपाल में यह सब पानी के कंट्रोल का एक ज्वायंट कमीशन बनाया जाना चाहिए और वाटर कमीशन के जरिए

वहां पर पानी के नियंत्रण, पनबिजली उत्पादन आदि पर बात होनी चाहिए।

दूसरी बात, महोदय, मेरे पहले सरला बहन बोल रही थीं। उन्होंने कुछ चर्चा की थी। मैं भी उस बात को कहना चाहती हूं कि हिन्दुस्तान जब आजाद हुआ उस समय हमारे देश में लगभग 33 प्रतिशत वन का आवरण था, लेकिन उसके बाद आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से वह 9 प्रतिशत हो गया है। डीफोरेस्टशन, वन की कटाई इस तरह से हुई है कि हमारा भूभाग बिल्कुल नंगा हो गया है और इसके कारण जमीन को बांध कर रखने वाला कुछ रहा नहीं, पेड़ कट गए, घास उखड़ गई और भूस्खलन बड़े जोरों से होते हैं, पानी का बहाव होता है। नीचे जब मिट्टी के साथ बाढ़ का पानी आता है, सिलटेशन होता है, जमीन भर जाती हैं, नदी का पेट ऊंचा हो जाता हैं और फिर बाढ़ आती है। यह एक सर्कल बन गया है। तो मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि क्या सरकार ने इसके बारे में कोई खास विचार करने का उपाय किया है, नेपाल सरकार से कभी चर्चा हुई है क्या उनकी एक ज्वाइंट वाटर कमीशन बनाने की और नेपाल की जो नदियां नीचे आती हैं, वे नीचे तो आएंगी ही, वह बर्फ से पानी पिघलकर आता है और फिर बरसात का पानी आता है तो उनको तो आना ही है, लेकिन उस पानी का सदुपयोग हो सके, इसका कोई उपाय वह कर रहे हैं? साथ ही साथ जो कैचमेंट एरिया है उसमें बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, जंगल लगाने का काम, घास-फूस लगाने का काम भी करना चाहिए। ठीक है, नेपाल के साथ सलाह करनी पड़ेगी। जो नेपाल में है, वह नेपाल सरकार करे, जो हमारे हिस्से में आता है, वह हम करें। यह तो कर ही सकते हैं हम। दूसरा, कोसी नदी पर बांध तो बन गया, महानंदा पर भी बांध बन गया, आए दिन कोसी बांध टूटता है, महानंदा का तटबंध टूट जाता है, बागमती का तटबंध टूटा इस बार, महानंदा का तटबंध टूटा, कोसी का भी टूटने को है, इस हालत में होता यह है कि जो तटबंध है, वह एक तरफ महानंदा का तटबंध बंगाल की तरफ है, कोसी का तटबंध उत्तर प्रदेश के साथ है और उसके रख-रखाव की सारी जिम्मेदारी बिहार सरकार की है। तो यह संभव नहीं है। जिस प्रान्त में जो तटबंध पड़े, उस तटबंध के रख-रखाव की जिम्मेदारी उस प्रान्त की होनी चाहिए नाकि दूसरे प्रान्त की। केन्द्रीय सरकार ही इस काम को कर सकती है, प्रान्तीय सरकार इस काम को नहीं कर सकतीं। अव्वल तो यह उचित होगा कि तटबंधों की देख-रेख केन्द्रीय सरकार खुद करे पिछले दो साल से बिहार में सूखा पड़ा हुआ है, बिहार सरकार सूखा झेल रही है और सूखे से निबट नहीं पाई कि उत्तर बिहार में बाढ़ आ गई। बिहार सरकार तबाह-तबाह है, परेशान है और इस हालत में 20 लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं, दो हजार से अधिक गांव डूबे हुए हैं, रेल-पुल टूट गए हैं, सड़कें टूट गई हैं। आपके उत्तर-पूर्वी हिस्से के साथ बिहार होकर जाना पड़ता है महोदय, वह हिस्सा भी टूटा हुआ है। असम लिंक रेलवे कटिहार से आगे, वह बंगाल में जो बाढ़ आई उसके कारण, नदियों की बाढ़ के कारण रेलवे भी जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त हो गई है और बिहार में भी जगह-जगह रेलव लाइन उखड़ गई है, बह गई है, पुल टूट गए हैं, बह गए हैं। इन हालात को देखते हुए केन्द्रीय सरकार को एक स्थिर नीति बनानी होगी जिससे कि यह परिस्थिति बार-बार न झेलनी पड़े। हजारों करोड़ रुपए बाढ़ के साथ पानी में बहाए गए क्योंकि उसका कोई लेखा-जोखा हो नहीं सकता और इसमें बड़े-बड़े आला-अफसरों का, ठेकेदारों का बहुत-बहुत बनता है, बाढ़ के पानी में बाढ़ की तरह कमाई होती है उनकी। यह जांच करने की भी जिम्मेदारी आपकी ही है। मैं यह कहना चाहती हूं कि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए आपको एक परमानेंट साल्यूशन निकालना पड़ेगा, एक निश्चित प्रोग्राम तय करना पड़ेगा।

[श्रीमती कमला सिन्हा]

दूसरी बात यह है कि बाढ़ तो आएगी, बाढ़ खत्म भी हो जाएगी लेकिन उसके बाद की स्थिति क्या होगी? महोदय, मैंने बाढ़ देखी है। मैंने बचपन में भी देखी है और इमरजेंसी के समय में मैं जेल में थी, पटना में बाढ़ हुई थी, उस समय भी देखी है। बार-बार बाढ़ को देखने का मौका मिला है। बाढ़ जब आती है तो अपने साथ अनगिनत समस्याएं लेकर आती हैं। एक समस्या तो तत्काल डूबने से प्राण-रक्षा की है। उसके बाद पेट भरने की समस्या आती है क्योंकि मनुष्य बिना खाए जीवित नहीं रह सकता और मनुष्य बिना पानी पीए भी जीवित नहीं रह सकता। चारों तरफ पानी ही पानी लेकिन पीने का पानी नहीं मिलता है। तो पीने के पानी की भी व्यवस्था करनी पड़ती है और सांप के काटने से, स्नेक बाइट से बहुत लोग मर गए हैं बिहार में क्योंकि बाढ़ में आत्म-रक्षा की जरूरत हर किसी को होती है। तो जहां इंसान है, वहां सांप भी चला जाता है। जहां सूखी मिट्टी है, वहां भी वह चला जाता है और उस हालत में सांप के काटने से लोग मरते हैं। जैसे-जसे पानी उतरने लगेगा तरह-तरह की बीमारियां फैलेंगी। खास करके वाटर बोर्न डिसीजेज-कैकालेरा, टाईफायड़, गैस्ट्रो-एन्ट्राइटिस, आन्त्र शोथ जैसी बीमारियां फैलने लगी हैं। मैं यह समझती हूं कि अन्य हर एक प्रांत में जहां कहीं भी बाढ़ आई है, हर एक जगह यह बीमारियां होंगी और यह शुरू भी हो गई होंगी। दिल्ली की रिपोर्ट मैंने देखी है। दिल्ली में जो हिस्सा डूबा हुआ है उसमें शुरू हो गई है। तो आप तो दिल्ली में कुछ नहीं कर पा रहे हैं, तो दूसरी जगह आप क्या करेंगे? दिल्ली में जब सरकार कुछ नहीं कर पाती है तो दूसरी जगह क्या कर पाएगी, मुझे तो इस बात पर बहुत शंका हो रही है। मुझे लगता है कि बाढ़ में जितने लोग डूबकर मरे होंगे उससे अधिक लोग वाटर बोर्न डिसीजेज के कारण मरेंगे, बिना खाए मरेंगे और गलत भोजन करके मरेंगे। बिहार सरकार के मुख्य मंत्री ने केन्द्रीय सरकार से 500 करोड़ रुपए की मांग की है। मैं यह कहूंगी कि केन्द्रीय सरकार यह रुपया तत्काल उनको मुहैया कराए ताकि बिहार में बाढ़ से हम ठीक से जूझ सकें।

आपने कई प्रांतों का जिक्र किया है कि कहां-कहां आपने पैसा दिया है। आपने कहा कि पंजाब में कितना दिया गया। पंजाब के भाईयों ने कहा कि किस तरह से पंजाब की स्थिति क्या है? मवेशी बह गए। मवेशी हर एक जगह बहते हैं जहां बाढ़ आती है। मवेशियों को चारा भी नहीं होगा, यह भी समस्या है। जहां बाढ़ आती है तो इन्सान अपना भोजन वस्तु लेकर तो छत पर चढ़ता नहीं, छप्पर में जाता नहीं, फौजी की नाव में चढ़ता नहीं है, वह सब कुछ छोड़कर भिखारी होकर आता है। ग्रामीण अंचलों में किसानों के लिए मवेशी ही एक मात्र आधार होता है। अगर उनके मवेशी मर गए तो उनका क्या होगा? दूसरी बात, जब पानी उतर गया तो यह ग्रामीण अंचल में—कृषि प्रधान अंचल है उत्तर बिहार, उसमें खेत के लिए बीज नहीं होगा। यह धान का समय है। धान रोपने के लिए बीज नहीं होगा, ट्रांसप्लांटेशन करने के लिए सीडलिंग नहीं है। सीडलिंग कहां से आएगा, उसका कौन उपाय करेगा? क्या केन्द्रीय सरकार उसके लिए उपाय करेगी? खाद, बीज कहां से होगा? यह सब समस्याएं हैं और यह बाढ़ के साथ एक साथ जुड़ी हुई समस्यायें हैं। (समय की घंटी) इन समस्याओं का निदान करने के लिए केन्द्रीय सरकार बिहार सरकार की मांग की पूर्ति करे। महोदया, मैं एक-दो बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगी।

मंत्री महोदय ने अपने बयान के पृष्ठ—4 पर कहा है कि

Finance Commission recognising the need' for greater autonomy and responsibility, for the State Governments..."

श्रौर आगे उन्होंने कहा कि क्लेमिटी रिलीफ फंड का यह ऑपरेट होता है स्टेट गवर्नमेंट से

75 per cent of the CRF is contributed by the Government of India and the balance 25 per cent is contributed by the States concerned."

आपका यह कहना ठीक है। लेकिन जहां स्टेट गवर्नमेंट खुद परेशान थी अकाल से जूझते हुए, सुखाड़ से जूझते हुए वह स्टेट गवर्नमेंट कैसे कर सकती है और जो स्टेट गवर्नमेंट का साधन सीमित होता है उसमें पंजाब सरकार कैसे कर पाएगी? हिमाचल ने कभी बाढ़ नहीं देखी है, कश्मीर में कम बाढ़ आती है, राजस्थान में बाढ़ नहीं आती है, आज बाढ़ आ गई। गुजरात में बाढ़ नहीं आती है, वहां बाढ़ है। तो इस हालत में जहां कभी बाढ़ आ जाती है तो वहां पर जब बाढ़ आ जाए तो बाढ़ से जूझते लोगों के लिए कठिनाई होती है। तो मंत्री जी अपने दिल को थोड़ा उदार कीजिए, अपने थैले का मुंह जरा खोलिए और बिहार को उचित राहत दीजिए। हमारे मुख्य मंत्री ने जो 500 करोड़ रुपए की मांग की है, उसको पूरा कीजिए। एक परमानेंट सोल्यूशन खास तौर से बिहार के लिए निकालिए। ...(व्यवधान) मंत्री जी, अगर आप ध्यान देते तो बड़ी कृपा होती। कल के बाद तो पता नहीं क्या होगा, कौन कहां रहेंगे आप लोग? लेकिन आज तो कम से कम बात ध्यान से सुनें।

**श्री बलराम जाखड़** : मैं आपकी बात ध्यान से सुन रहा हूं।

**श्रीमती कमला सिन्हा** : मैं यह कह रही हूं कि नेपाल से जो नदियां आती हैं, नेपाल के साथ हमारी पानी की यह जो बराबर समस्या है, इस बाढ़ की समस्या का कोई परमानेंट सोल्यूशन ढूंढिए। नेपाल के साथ सलाह करके वाटर कंट्रोल बोर्ड वहां बनाइए। यह जोइंट वाटर कमीशन बनाइए, ताकि हमेशा के लिए यह परेशानी समाप्त हो सके। धन्यवाद।

**श्री खलीलुर्रहमान (आंध्र प्रदेश)** : जनाब वाईस चेयरमैन सर, इस साल जो बाढ़ आई है और उससे जो तबाहियां हुई हैं वह इंतहाई तशवीशनाक है। सरकारी जो आदादोशुमार किये गये हैं उसके मुताबिक साढ़े आठ सौ से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लाखों लोग बेघर हो गये हैं, करोड़ों की मालियत की फसल तबाह हो गई है और लातादाद मवेशी मारे गये हैं।

मैं यहां ये अर्ज करना चाहता हूं कि पहली दफा हिन्दुस्तान में बाढ़ नहीं आई है। हम देख रहे हैं कि हमेशा हर साल मुल्क के किसी न किसी हिस्से में यह सैलाब आता है और ये तबाहियां होती रहती हैं और फिर रियासती हुकूमत को जो करना है वह करती है और फिर मरकजी हुकूमत जो कुछ भी कंट्रीब्यूट करना है वह करती है। मगर सवाल यह है कि इसको मुस्तकिल रोकने के लिए क्या इंतजामात किए जा रहे हैं? इन 45 बरसों में कभी भी कोई हुकूमत हो मरकज की, वह हुकूमत इस ताल्लुक से सीरियस नहीं रही कि मुस्तकिल उसका प्रबंध किया जाए ताकि अगर बाढ़ आ जाए भी तो इस किस्म के नुकसानात न हों।

अभी मिनिस्टर साहब ने अपने बयान में कहा है कि तकरीबन पूरे मुल्क में इस साल बारिश अच्छी रही है मगर मैं समझता हूं कि मुझे आपके बयान से कुछ इख्तलाफ है। जहां तक जुनूब का सवाल है, सिवाय केरल के जो दूसरी रियासत हैं खास तौर पर आंध्र प्रदेश, वहां पर बारिश तसल्ली बख्श नहीं रही है और तेलंगाना का जो रीजन है, मैं आपको बताऊं कि अभी तक तेलंगाना रीजन में तुखुमरेजी नहीं हुई है और जो कुछ भी थोड़ी सी बारिश से तुखुमरेजी हुई थी वह पौधे जलकर सत्यानाश हो चुके हैं। हैदराबाद और सिकन्दराबाद में पीने के पानी की इंतहाई शदीद किल्लत है और दो दिन में एक दफा पीने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है इस वजह से कि पीने के पानी के जो जखायर-आब हैं वह बिल्कुल सूखे गये हैं। लिहाजा वहां सूखे की

[श्री खलीलुर्रहमान]

वजह से परेशानी है। शुमाली हिस्से में शुमाल मशीरती सैलाब आने की वजह से यह तबाहिया हुई हैं।

आपने कहा है कि गिजा के ताल्लुक से, दवाइयों के ताल्लुक से, आशियार-जरूरिया के ताल्लुक से, मवशियों के लिये चारा और रिलीफ के ताल्लुक से काम किया जा रहा है मगर मैं समझता हूं कि ये जो कुछ भी आप रिलीफ दे रहे हैं वह रिलीफ ऐडिक्वेट नहीं है। आपका जो स्टेटमेंट है, आपके स्टेटमेंट में और अखबारात में और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिये हमने जो कुछ भी देखा और सुना है, उसमें कोई खास फर्क मालूम नहीं पड़ता है। हम तब कह रहे थे कि आप तफ्सील के साथ आदादोंशुमार देते और हमको बताते कि कि सही सूरते हाल क्या है। मिसाल के तौर पर जब ऐसे वाकयात होते हैं तो जंगी बुनियादों पर काम करने की जरूरत होती है। आपने अपने स्टेटमेंट के पेज २ पर पैराग्राफ 3 में कहा है कि—

"I had visited the flood affected areas 01 Assam and Tripura in June 1993 to review the situation. The Prime Minister had also visited and reviewed the situation in the flood affected States of Punjab and Haryana on the 16th July, 1993..."

16 जुलाई को प्राईम-मिनिस्टर गये थे। उसके बाद दूसरे पैराग्राफ में आपने कहा है कि इंटर मिनिस्टीरियल सेंट्रल टीम 28 जुलाई को जा रही है। करीब-करीब 2 हफ्ते के बाद वह टीम जा रही है। होना तो यह चाहिये था कि प्राईम मिनिस्टर के जाने के एक हफ्ते के अन्दर टीम जाती और ऐसेस करके सही सूरते हाल आपको बताती और आप उसके मुताबिक अमल करते। अब तो 15 दिन हो गये हैं। वह टीम कल जा रही है। वह कब ऐसैस करेगी, कब आपको बता पायेगी और आप कब अमल करेंगे? लिहाजा जो कुछ भी आप कर रहे हैं वह काबिले तहसीन जरूर है मगर जो मसायल और मुश्किलात अवाम झेल रही है इन इलाकों में, मैं समझता हूं कि आप को और तेजी के साथ जंगी बुनियादों पर काम करने की जरूरत है। शुक्रिया

**श्री भूपेन्द्र सिंह मान** (नाम निर्देशित) महोदय, जो आज बाढ़ आई है सारे देश में इसके ऊपर बड़ी गंभीरता से चर्चा कर रहे हैं। बाढ़ जब रात को लोग सोये हुए थे तब आई। उन्होंने अपने घर बनाये हुए थे, तीन-तीन, चार-चार फुट ऊंची जगह पर, उस पर मिट्टी डालकर ऊपर घर बनाये हुये थे। तो लोगों के घरों से जब मंजी के ऊपर बिस्तर भीग गया तब पता चला। किसी के ऊपर सांप चढ़ गया तब पता चला। किसी मां ने आकर देखा कि क्या हो रहा है बच्चे सो रहे हैं। बिजली नहीं थी, कुछ नहीं था। लोग घबराकर इधर-उधर भाग खड़े हुए। तो ऐसी बाढ़ आई। लेकिन मेरा आपसे यह कहना है कि बाढ़ की स्पीड आपके टेलीफोन की स्पीड से ज्यादा है? मैं समझता हूं कि नहीं है। क्या बाढ़ की स्पीड आज के वायरलैस से अधिक है, मैं समझता हूं कि नहीं है। ऐसा नहीं हुआ है। ऐसा नहीं हुआ कि बाढ़ आ गई, दो घंटे में पानी बढ़ गया। दूर दूर 40 किलोमीटर, 50 किलोमीटर हिमाचल प्रदेश में बरसात हुई और पानी आया पंजाब में। हिमाचल की बरसात का पंजाब में पानी आने में आते-आते कितना समय लगता है इसकी जानकारी लोगों को दी जानी चाहिये थी। वह नहीं दी गई। इसके लिए मैं समझता हूं कि इतनी मुश्किलें लोगों ने उठाईं, लोगों ने जो मुश्किलें झेलीं उनको कम किया जा सकता था अगर हमारी सरकार बताने का कष्ट करती, चेष्टा करती कि उठो इतना पानी आ रहा है।

महोदय, 1988 में पानी आया था, बहुत नुकसान हुआ था। सरकार को इंफोर्मेशन थी कि 1988 से ज्यादा पानी आ रहा है, यहां तक कि दो फीट पानी ज्यादा आ रहा है। तो मैं समझता हूं यह जो नेग्लेक्ट की गई है उसके लिए सोचा जाना चाहिये। हेलीकोप्टर से देखा जा सकता है, प्रधान मंत्री और दूसरे मंत्री जाते हैं देखने के लिए। लेकिन सांप गुजर

गया है, गुजरे हुए का रास्ता पीटने से राहत नहीं मिलती । अब तो इस बात की जरूरत है कि जिन लोगों ने जिम्मेदारी नहीं निभाई उनके बारे में देखें कि ऐसा क्यों हुआ । मैं समझता हूं कि इस बाढ़ में जो जो ध्यान नहीं दिया गया है, जिम्मेदारी से जिन लोगों ने काम नहीं किया, जैसे ड्रेन्स की सफाई करना हर साल जरूरी होता है लेकिन कागजों में ही ड्रेन्स साफ कर दिए जाते हैं । इसलिए इसके बारे में देखना जरुरी है कि किस ग्राफिसर ने गलती की और ऐसा क्यों किया । ड्रेन्स के रास्ते में लोगों ने घर बना रखे हैं, बाधाएं डाल रखी हैं, इतने ऐनक्रोचमेंट लोगों ने कर रखे हैं वहां से उनको हटाने के लिए ध्यान नहीं दिया । उनको ऐविक्ट नहीं करवा सके, यह भी देखना जरूरी है । कितना ही हम पानी से बचने की कोशिश करें लेकिन पानी के लिए आपने डैम बना रखे हैं तो उसमें पानी खड़ा होगा ही, और उस पानी से लोगों को फायदा होने के बजाय नुकसान होगा ।

अभी यह जो इस वक्त पंजाब की बाढ़ है इसमें थीन डैम जो बहुत देर से बन रहा है, अभी तक उसमें तरक्की नजर नहीं आ रही है । प्रधान मंत्री गये थे, उन्होंने कहा कि इसको पूरा किया जाएगा । मैं समझता हूं कि थीन डैम बन गया होता तो इसके पानी को सोसायटी के हित के लिए इस्तेमाल कर सकते थे लेकिन इसके विपरीत इससे लोगों की जान माल का नुकसान हुआ जिसको कि बचाया जा सकता था । इन थीन डैम का लाभ होने के बजाय उससे ज्यादा नुकसान हो गया । इसलिए मैं चाहूंगा कि थीन डैम

3.00 p.m.

जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए ताकि आने वाले सालों में ऐसी दुर्गति लोगों की न हो, लोगों का ऐसा नुकसान न हो ।

मैं खासतौर से आपसे पंजाब के जो खास इलाके हैं उनके बारे में कहना चाहूंगा । गुरुदासपुर है, गुरुदासपुर का बटाला है, गुरुदासपुर खास है । उसके सारे एरियाज हैं । मुरंडा है, पटियाला है, फिरोजपुर है, कपूरथला है, जालंधर है, लुधियाना है, अमृतसर है, संगरूर है, मान्सा है । ऐसे कई इलाके है जहां इतना इतना पानी है कि कोई ख्याल नहीं करता । खासतौर से गुरुदासपुर का जिक्र है । गुरुदासपुर में जहां थीम डैम बनने वाला है वहां से आगे जाकर एक हैडवर्क्स माधोपुर है । जब हर बार पानी ज्यादा आता है तो बांध टूटता है, कुछ न कुछ वहां से पानी बहता है इससे लोगों का नुकसान होता है । जो बांध बांधा जाता है वह कैलकुलेट करके बांधा जाता है कि कितना पानी आयेगा कितना नहीं उठा सकता

और यह बांध कितना पानी उठा सकता है । हर बार ऐसे बांध टूटने लगे कैलकुलेट करने के बाद भी तो यह बांध बांधने वालों की गलती है । मैं यह कहूंगा बांध को अच्छी तरह से बांधना चाहिये । उसको देखना चाहिएं कि पूरी तरह से बांधा गया है या नहीं । इस पर जो पैसा सरकार खर्च करने को कहती है उसके बारे में देखा जाना चाहिए कि उतना पैसा खर्च हुआ है या नहीं । मैं कहता हूं जितना पैसा सरकार देती है बांध बांधने के लिए उतना पैसा वहां खर्च नहीं होता है । उसको खा लिया जाता है इसीलिए लोगों का नुकसान होता है । वहां जो पानी आता है वहां से सारा पानी गुरुदासपुर को पहले बहा देता है, उसकी दो तहसीलें बहा देता है । उसके आगे निकलकर अमृतसर को बहाता है । इतने बड़े नुकसान को हर साल टीम देखने जाती है । अभी मंत्री जी ने वहां पर टीम जाने की बात कही है । 1988 में जब बाढ़ आई थी तो उस समय भी बड़ा भारी नुकसान हुआ था । सारे पंजाब में लोगों ने, स्वयंसेवी जत्थेदारों ने लोगों को खाना दिया, पहनने के लिए कपड़े दिये । उनके रहने की दशा खराब होती जा रही है, जिन्दगी का मयार नीचे जा रहा है । उनको उठाने के लिए खास राहत नहीं उनको कम्पनसेशन चाहिए । यह जो कलेमिटी आई है इस कलेमिटी की, नेशनल क्लेमिटी को, कुदरती क्लेमिटी को सिर्फ रिलीफ के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, आंसू पौछने के लिए नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि उनको मुआवजा देना चाहिए । जिन व्यक्तियों की जान गई है उनके परिवार को पूरा-पूरा मुआवजा

[श्री भूपेन्द्र सिंह मान]

मिलना चाहिए, फसलों का मुआवजा मिलना चाहिए, मवेशी जो मर गए हैं उनका मुआवजा मिलना चाहिए। वहां की स्थिति यह है कि सारे पंजाब के गांव में, खेतों में हजारों की तादाद में मवेशी मरे पड़े हैं, बदबू फैल रही है। आगे जाकर बड़ा भारी संकट पैदा हो सकता है। लोगों की सेहत पर असर हो सकता है। अभी से इस की ओर ध्यान देना चाहिए। ऐसा न हो जब मवाद निकलने लगे तब आप उठें और कहें कि हम इसका इलाज कर रहे हैं। आपको पहले से ही इसको देखना चाहिए।

इस वक्त कुछ सड़कें बांधी गई हैं। बहुत देर से सड़कें बांधी जाती हैं। नहरें उतारी जाती हैं, ड्रेन्स निकाली जाती हैं। ऊंची सड़कें करने में बहुत खर्च किया जाता है लेकिन उनके नीचे कोई कल्वर्ट नहीं, पानी के बहाव के लिए कोई साधन नहीं बनाया जाता। जब पानी का बहाव आयेगा तो 15-15, 20-20 फुट ऊंची सड़कों को बहा ले जायेगा। उपर से तो सडकें निकाल दी लेकिन नीचे कोई पुलिया नहीं बनाई ताकि पानी की निकासी हो सके। लोग डूबेंगे नहीं तो क्या होगा। इसके लिए जिम्मेदार कौन है? जिसने ऐसी प्लानिंग की है कि पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया, वही इसके लिए जिम्मेदार है। अभी जहां-जहां पानी रुका हुआ है, जहां-जहां से पानी ने कट डाली है वहां लोगों का नुकसान हुआ है। वहां कन्वर्ट बनाइये पुलिया बनाइये, ताकि पानी की निकासी आसानी से हो सके। लोगों के खेतों में, बगीचों में आठ-आठ फुट पानी चला गया है। इससे उनका भारी नुकसान हुआ है। उनको इसका पूरा कम्पनसेशन दिया जाना चाहिए।

यही कहते हुए मैं आपसे इजाजत चाहता हूं और आखिर में फिर यही कहूंगा कि बाढ़ से देश का यह इतना भारी नुकसान हुआ है। इसको हमें कंधा देना चाहिए, हमें उन्हें धीरज देना चाहिए। इतना बड़ा यह नुकसान हुआ है। उनको लगना चाहिए कि सारा देश उनके साथ है ताकि हम पंजाब को आगे बढ़ा सकें और पंजाब अच्छी तरह से काम करके फिर वहां अच्छी हालत पैदा हो सके और पंजाब आगे बढ़ सके। यही कहता हुआ मैं आपकी आज्ञा चाहता हूं।

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Sir, the previous speaker has said about the suddenness of the floods in some areas of Punjab and other parts of the country. The floods have also played havoc in Assam and because I belong to Assam, I will confine myself to the havoc played by these floods in Assam. In Assam, it is not a sudden flood. This is a regular feature in Assam and it has become a way of life for the people during this season of the year. The fact that there will be a breach in the embankments of different rivers was intimated to the Government; in fact, the State Government was warned long back and even then these floods have played a havoc. Now we are experiencing the third wave of the floods. We are grateful to the hon. Minister for visiting the State during the first flood itself. He has himself seen the havoc played in different areas of Assam.

Sir, by now, most of the areas in Assam are affected, and the districts affected are Barpeta, Bongaigaon, Kamrup, Jorhat, Dhubri, Hailakundi, Kokrajhar, Darrang Nalbari, Karimganj, Cachar, Dhemaji Lakhimpur and Goalpara. Sir, 14 out 14 23 distrits of the State have been affected More than 2,27,000 hectares of land has been affected by flood water. More than 14 lakh and 70 thousand people have been affected and altogether 1272 villages are affected by the floods involving loss of crops cattle and human life. Sir, *24* human lives have been lost; 705 cattle heads have drowned and 2300 houses have been damaged due to these floods. Even now, half of the areas in Assam are unde water. Wherever there was flood water there is the problem of water-logging and the water is not going out. All the crope are under water. Here I want to narral about some of the areas where we at really experiencing a very, very serious

situation to which I want to draw the attention of the hon. Minister, through you. Sir, in Kamrup, the areas under Puthimara and Barolia river are still flooded. The crops are under water and the relief that has been provided is quite insufficient. So is the case with the areas' of Dhubri district where the communication has been disrupted. The worst part of it is that the north-eastern region is cut off from: the rest of the country because of flood waters which have disrupted the roads and railway tracks which have been damaged. Similar situation is there in other districts of Goalpara, Bongaigoan and North Lakhimpur. In the Barak Valley, communication stands disrupted due to these floods. In the Barak Valley, road communications are disrupted on National Highway No. 53, at Salchapra, the Silchar-Haflong road, the Silchar-Hailakandi road, the Silchar-Kumshingram' road and on National Highway No. 54 in Gumrah-Pirnagar area.

Sir, the rivers in Assam are bounded by embankments. The poor maintenance—rather, the lack of maintenance—of these embankments is the rootcause of floods. Wherever there are embankments, there is a breach in one place or the other due to the fact that these embankments are not being maintained properly. The State Government does not also have funds for their maintenance. Due to change of procedure, sufficient maintenance funds are not being disbursed to the State Government. This is another reason. The flood control mechanism is totally defunct in the State.

Another serious problem is erosion. Erosion is causing a lot of problems. Village after village is udner water. People in a number of areas, in many districts, are marooned. In some of the areas, rivers are changing their course which also creates problems. The rivers which should have been the cause of prosperity for the people of the State, for the people of the region, have become a source of despair, destruction and sorrow.

In this connection, I draw the attention of the hon. Minister of Water Resources also because it is he who has to give special attention to this subject. As you know, the Brahmaputra Board was set up long back. It is almost ten years now since this Board was set up, but so far, no concrete work has been done. What more an one say than just point out that the Board itself has not been constituted properly till now. There is no Chairman. There is no full-time Vice-Chairman. In the other categories also, there are vacancies. Up till now, the Board has spent more than Rs. 40 crores, but all that they have done is only drawing and no concrete work. Up till now, only on paper work, the Board has spent more than Rs. 40 crores. Therefore, until and tinless the Brahmaputra Board is activated and starts doing some work on the ground. I do not think the river an be controlled. Until and unless the Brahmaputra is controlled and the water is used for bringing about propsperity in the region, floods cannot be prevented in Assam.

Then, Sir, most of these rivers originate from the hilly areas of Bhutan and Arunachal Pradesh. The Minstry of Water Resources should, therefore, take it up with the Government of Bhutan to see that the rivers are regulated at their source itself by putting up power projects, or, the water is utilised by other means.

As I said earlier, floods in Assam are nothing new. It is well-known that the) people of Assarr suffer from this natural calamity every year. The Government and everybody else feel helpless as to what should be done. The immediate thing which should be done is to give the State a special grant. This is urgently needed because though 24 lives have already been lost, no compensation has been paid so far to the relatives of the victims. Similarly, no compensation has been paid in respet of the loss of cattle and for the damage caused to the crops. I would, therefore, request the hon. Minister. The Central team had recently visited the flood-affectfd areas of Assam. They must have submitted their report by now. I would request the hon. Minister to release an immediate grant *to* Assam and also release calamity relief fund for the border State so that the State an take up relief measures as well as maintenane and plugging of breaches immediately, so that the State is saved from this fury of floods.

[Shri Bhubaneswar Kalita]

This is the third wave. We are expecting some more waves of flood which will continue till the month of October.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Thank you, Mr. Vice-Chairman. I would like to be excused by the hon. Minister if I make a remark that the statement made by him is really directionless; not that the details are not there; details are there but there is no proper direction to tackle the situation. I remember, one of the predecessors of Dr. Jakhar—may be, he was also from Haryana—had said in the Houss that for prevention of floods and for rains we can only pray to God. So, when we discuss the question of flood, it cannot be discussed in isolation. Whatever the Minister has presented is the restricted point of view of his Ministry, which falls within his own domain, that is, the calamity portion of it, but the preventive portion of it has not come. There are certain flood-prone areas. For example, the previous speaker was talking about Assam. I would raise the question of North Bengal, districts of Jalpaiguri and Cooch-Behar which are adjacent to Assam, very much adjacent to Assam and share almost the same riverine set-up. There is to Teesta done which is a part of Brahmoputa. What can be done for these flood-prone areas so that the recurrence of bood is pre-vented? That is the main question. Mr. Majumdar from Assam was telling me outside as to what can be done is Assam. Assam annually has three bouts of floods. Embankments are constructed but those go down in the flood water and if this process continues, the problem will not be solved. Then what can we expect? Now the people there are resigned to the annual bouts of flood and (his is a very helpless situation in an age which is technically highly advanced. There are flood control system all over the country, but what are they doing to improve even forecast- Mr. Mann was asking why there was no warning to the people of the catchment areas so that they could move out from those places. This has not been given in the statement. That is more important rather than recounting what has been done. What is being done is perhaps mandatory or a statutory practice. There is a sec procedure for giving compensation to the next of kin of the dead, for providing medicine etc, for preventing epidemics and other diseases. There is a set procedure for assessment of flood loss and providing of calamity relief fund. Survey teams have gone to certain areas, but they have not gone to other areas. As for example, -we yesterday, in a delegation met the Prime Minister had requested him so that a survey team goes there, and then we requested him to go to the flood-affected area himself. This is not a big area.

The figure of death, as is found in the statement, is 125. I take it as the statement given by the Minister. Now, according to us, it is already more than 200, and more dead bodies are being recovered with the receding of the waters. The water in the Kalyan; river jumped down the Alipurduar town, which is a taluk town. My party office there is a two-storeyed building. I have been told, over the phone from Jalpaiguri—in Ali-puduar there is no telephone—and by the Irrigation Minister of West Bengal, that on the first floor three feet of water accumulated, as in the case of certain areas of Punjab as reported by Mr. Mann. In that area, in Hasimara which has a military office also, in 24 hours there was 99 centimetres of rain, which is a record fo the entire area, surpassing the record of Cherrapunji also. Jalpaiguri town received, in 24 hours, more than 300 millimetres of rain. This incessant rain blew up the rivers in the area and caused the flood, and the Alipurduar embankment was breached. Even now the relief work is not in full swing. What is strange, I have been told by the West Bengal Minister over the phone last night that the local administration, practically, is defunct in the setose that they are not able ti deal with this flood. Army people in the adjacent areas of Hasimara etc., were requested to come and conduct the relief work, and they refused. I don't doubt what has been stated in the statement of the Minister, that the army is rendering a good service, but in a particular area, that is, in Alipurduar, It has been reported that the army refused. , I

would request the Minister particularly to inqure of the matter and find out what is the truth of the matter. We don't like to believe it fully, but it must be inquired into and, if it was so, it is a serious matter, no doubt.

But the question is, it should not be just a fire-fighting work but some long-term remedial actions will have to be taken. If we cannot discuss those things, we cannot come to a conclusion on all those things even if we have a prolonged discussion on the flood situation in the country which, in part, has been discussed by different Members. I would not enter into it. If we cannot take a long. term objective and prepare schemes— foolproof schemes—with an army of dedicated workers to combat the situation on a long-term basis for remedying the situation, it will be of no avail. Otherwise, a four-hour or five-hour discussion even in both the Houses of the sovereign Parliament of India won't be a source of consolation for the people of the country who are victims of floods and drought alternately. Even now perhaps in all the States whereas, on the one side, there are devastating floods, on the other, there is scorching drought. What can be done about drought, I do not know. But scientifically there are remedial measures in abundance to fight floods. Those measures must be undertaken. Whatever Ministries are to he involved, I expect the leadership to put them together with the Ministry of Agriculture on the fighting line, so to say.

Thank you.

SHRI JAGMOHAN (Nominated): I have only a few basic points. One is that there are so many casualties, 900 odd, and some may not have been reported. So, if there are 1,000 casualties in the floods, that shows, in my opinion,a weakness in the information system or the flood-warning system and also the absence of a scheme to deal with natural disasters. For example, I have myself dealt with the 1955 floods in the very first year of my service. Even at that time a scheme had been drawn in the district of Amritsar that we should divide area into clusters of 15, 20, 30 villages and that every village should be told that such and such a place is at a high level where people could immediately move on getting some warning. Now with all the computer systems and with all the other information paraphernalia and technology which we have got, this, type of scheme should have been in operation, and should have yielded results. What I understand is that when floods come, people do not even know where to move. There is no stand-by arrangement. Even a few buses can be requisitioned and made available to them to move. Even that arrangement is not there. So, I think, this aspect needs to be looked into very carefully. This will help in minimising casualties.

The second point is also with regard to casualties. It would be a good idea if an analysis of these casualties is made, now many casualties are due to house-collapses, how many casualties are due to caving-in, how many are due to electric shocks and how many are due to lack of knowledge amongst the people about what to do during the course of floods. For example, many people even climb up electric poles. So, that type of information is not available with the people in the villages. So, this analysis needs to be done, and then a proper educational programme has to be drawn to tell the people, particularly in the flood-prone areas, that these are the arrangements that exist.

**श्री बलराम जाखड़** : माननीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, सभी माननीय सदस्यों ने जिस प्रकार अपनी सहानुभूति और वेदना का प्रदर्शन किया है उसके लिए मैं उनका अनुग्रहित हूं। बात भी सही है जिसके हृदय में कुछ थोड़ी सी पीड़ा अनुभव करने की शक्ति है वह तो दुख-दर्द में सब का सहायक बनना ही चाहता है और मेरा तो स्वयं ऐसा है कि मैं तो तिगुना पीड़ित हूं। किसान होने के नाते पीड़ित, फिर कृषि मंत्रालय का इंचार्ज होने के नाते, क्योंकि इसका मेरे साथ संबंध है, तीसरा इसलिए कि अगर कृषि के उत्पादन में कमी आएगी तो मैं क्या कहूंगा कि इस साल तो इतना रेकार्ड उत्पादन हुआ था और अगले साल कम होगा।

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय** (उत्तर प्रदेश) : थोड़ा बलराम होने के नाते भी (व्यवधान) . . .

**श्री बलराम जाखड़** : हलधर होने के नाते भी। तो चारों तरफ से मार ही मार है। मैं चाहता हूं कि वर्षा तो हो लेकिन विनाशकारी न हो। वर्षा के बगैर तो बात नहीं बनती। सूखा होता है वह और भी भयंकर होता है तो ठीक है, ये सारी बातें हैं और जिस प्रकार सब माननीय सदस्यों ने इस सदन में रखा कि क्या करना चाहिए और सब की यहीं वेदना है कि पहले हम बंदोबस्त क्यों नहीं कर सकते, हम पहले इसका रुकावट क्यों नहीं कर सकते, बात भी ठीक है। लेकिन उसके कई कारण हैं। मैंने भी खोज करने की कोशिश की है। जब मैं बाहर होता था किसानों करता था। जब बाढ़ आती थी तो मैं यह कहता था कि पहले हम क्यों नहीं सोचते। आप बंदोबस्त क्यों नहीं कर लेते। हर बार इतनी बाढ़, बार-बार यह बाढ़ आती है, इसका प्रबन्ध क्यों नहीं कर लेते। लेकिन जब दो-चार होना पड़ा इस बात से जो फिर समझ में आया कि यहां मामला गड़बड़ है। इसमें रुकावटें हैं और जितना धन चाहिए उतना नहीं है। भाखड़ा बना, सतलुज में बाढ़ कम हुई। लेकिन फिर भी कुछ ऐसे नदी-नाले हैं, सावन नदी हुई, दूसरी हुई। अब भी कभी-कभी बाढ़ आती है। 1958 में बाढ़ आई थी और अब 1993 में फिर आई। पहले आई थी जब मैं वहां कृषि मंत्री था पंजाब में डिप्टी मिनिस्टर था, तब भी आई थी और वह भी फैल गई थी चारों ओर भाखड़ा भर गया था।

उसमें इस कद्र रिलीज भी नहीं हुआ। लेकिन फिर भी आ गई थी तो इस प्रकार जब पौंग बन गया और मान साहब कह रहे थे थाई क्यों नहीं बना तो थाई बनने के लिए बहुत सी आवश्यकता है। मैं कब से लग रहा हूं कि थाई बन जाए तो और हो जाए। इसी प्रकार हर नदी का प्रश्न है। एक का नहीं है। ब्रह्मपुत्र है। नदी नहीं, एक सागर है। बाढ़ आती है तो 18 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज होता है। वह मुझे पता है। कितना उसमें शक्ति है यह भी पता है और कितना उसमें बिजली का उत्पादन हो सकता है, देश का नक्शा कैसे बदल सकता है यह भी मुझे पता है, लेकिन अब मैं इतना पैसा कहां ले आऊं। इतना एक साथ पैसा कहां से मिले। उसका मुझे कुछ हल नहीं मिल रहा है। अभी बहन सालार जी कह रही थीं कि छोटी बाढ़ का भी प्रबंध होना चाहिए बड़ी के साथ-साथ, मैं उससे बिल्कुल सहमत हूं। छोटी योजना, बड़ी योजना, सारी योजना और जो अधूरी योजना है, उसको पूरा करना भी अत्यावश्यक है। जितनी योजनाएं हाथ में हैं, उनको पूरा करना, कुछ फर्क तो पड़ता है लेकिन कुछ फर्क नहीं पड़ता कभी-कभी। ... **(व्यवधान)** ...देखिए, मैं आपकी बात कर रहा हूं। आपने इस चर्चा को आरंभ किया है, अब थोड़ी सी मेरी बात सुनिए।

**श्री संघप्रिय गौतम :** शुरू में आप नहीं सुन रहे थे उनकी बात।

**श्री बलराम जाखड़ :** मैंने सब की बात सुनी है, एक भी नहीं छोड़ी और छोड़ने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। ...(व्यवधान)... मैं उनको भी सुन रहा हूं। यहां तो नीयत ही ऐसी है, आत्मा ही ऐसी है कि मेरी खेती से लगाव है। मैं उसे छोड़ नहीं सकता। तो यह तो एक लगाव की बात है, ठीक है लेकिन सब का जल्दी-जल्दी पूरा होना भी आवश्यक है। मैं वाटर रिसोर्सेज मिनिस्ट्री, सिंचाई मंत्रालय से भी यही कहना चाहता हूं, उनसे कहता भी हूं क्योंकि यह काम उनके अधीन ही है कि जो बांध बांधना है या काम करना है, उसको जल्दी पूरा करो वरना उसमें पैसा ज्यादा लगता है। उसमें देरी करने से नुकसान ज्यादा होता है और उत्पादन कम होता है क्योंकि उतनी देर नुकसान होता रहेगा। बहुत आवश्यक है इस बात का करना, लेकिन कभी-कभी ऐसी अनहोनी होती है। आप कहते हैं कि बाहर के लोगों ने बंदोबस्त कर लिया। अनन्तराम जी चले गए। वहां भी आपने देखा होगा कि बहुत कुछ है। आपने अमेरिका का मिसीसिपी देखा होगा। ऐसी भयंकर बाढ़ वहां सौ वर्षों में भी नहीं आई है। प्रकृति के प्रकोप का पता नहीं चल सकता। ...**(व्यवधान)**...मुझे पता है, मैंने यह फोरकास्ट दिया है।

SHRI MENTAY PADMANABHAM, (Andhra Pradesh): These floods are a global phenomenon that is what you want to say.

SHRI BALRAM JAKHAR: It is a natural phenomenon. These are distortions in nature, which you cannot predict.

आप पटियाला की बात लीजिए। मैं देखकर आया हूं पटियाला में। वहां जो कुछ हुआ, मैं बता रहा हूं।

**श्री अनन्त राम जायसवाल :** वहां आपके कहने के मुताबिक सौ साल में आती है और यहां हर साल आती है।

**श्री बलराम जाखड़ :** मैं रिकॉर्ड की बात कर रहा हूं। बाढ़ तो दो साल पहले भी आई थी, सूखा भी आया था, लेकिन इस बार हमारे पटियाला में जो कुछ हुआ ...**(व्यवधान)**... प्लीज, मेरी बात सुनिए, पटियाला में एक रात में 450 एम.एम. वर्षा हुई, जोकि कभी नहीं हुई। सारे वर्ष में वहां 800 से 900 एम.एम. वर्षा होती है। यह एवरेज रिकार्ड है, लेकिन 24 घंटों में अगर इतनी वर्षा हो जाए तो पानी कहां जाएगा, कौन से नाले निकास करेंगे, किस प्रकार से होगा कोई कुछ नहीं कह सकता?

**प्रो० सौरीन भट्टाचार्य :** यह पॉइंट ऑफ आर्डर है ऊपर वाले से।

**श्री बलराम जाखड़ :** यह पॉइंट ऑफ आर्डर ऊपर वाले से कहना पड़ेगा कि आप कभी-कभी ऐसा गलत काम क्यों करते हैं या कभी-कभी चार्ज देकर चले जाते हैं। अब ये नीचे वाले करते हैं। देखिए, आपने किया। आपने कहा कि क्यों नहीं बंदोबस्त करते, लोग ऐसी जगह पर क्यों रहें? अब मैं आपको बताऊं कि मिनिस्ट्री ऑफ वाटर रिसोर्सेस ने यह मॉडल बिल सर्कुलेट किया है। यह बहुत पुराना किया हुआ है और उन्होंने कहा कि आप यह एक फ्लड प्रोन जोनिंग करो और ऐसे करो कि जहां हर साल बाढ़ आती है कम-से-कम उन मकानों को या उन बस्तियों को ऐसी जगह बसा दो कि जिससे बाढ़ आए तो उनको न उठाना पड़े, वे बचे रहें, लेकिन सिवाय एक मणिपुर स्टेट के, किसी भी स्टेट ने न तो बिल पास किया बार-बार कहने के बावजूद और मैं लगा रहता हूं क्योंकि मैंने देखा है कि जहां बाढ़ आती है वहां हमेशा वैसी ही आती है, उसी जगह फैलती है। वहीं झोपड़ियां बनती हैं और जब बाढ़ आती है तो फिर भागते हैं और उनको उठाना पड़ता है। हम चाहते हैं कि सोच-समझकर सारी स्टेट्स ऐसी व्यवस्था कर लें क्योंकि आपके आपस माध्यम तो स्टेट गवर्नमेंट्स के ही करने का है। आप उन्हीं के माध्यम से कर सकते हैं, आप नहीं कर सकते। अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि आपको इत्तला नहीं है, 14 आदमी वहां पर गए हिमाचल के। मेरे पास जो इंफॉर्मेशन आई है वह स्टेट्स की तरफ से आई है और वही मैंने आपके सामने रखी है। अगर मैं अपनी तरफ से ऊट-पटांग रख दूं तो बात गलत बन जाएगी। मैं आपके साथ वही बात करूंगा जोकि असली तौर पर मुझे पक्की बतायी गयी है। और जिसका मेरे पास सबूत होगा कि मैं यह चीज करके लाया हूं। इस लिए मैं कहना चाहता हूं कि मैं करवाना चाहता हूं ताकि यह काम ठीक हो। एक और बात यह है कि नदियों का पाट बढ़ता जा रहा है, ऊपर आता जा रहा है और जब पानी आता है तो फैल जाता है। इधर अभी बात कर रहे थे आप, तो पहले डेढ़ लाख क्यूसिक आया करता था, लेकिन इस बार आप अंदाजा नहीं कर सकते साढ़े चार लाख क्यूसिक का डिसचार्ज था। आप अंदाजा कर सकते हैं कि क्या होगा, किस तरीके से दूसरी बंध क्या करेगी उसके आगे? यह एक फिनोमिना है। यह हम 16 पैरामीटर के हिसाब से प्रिडिक्शन करते हैं, पहले 8 था, उसमें कुछ कुछ गड़बड़ हो जाता था, कम होता था, ज्यादा होता था, लेकिन अब तकरीबन तीन-चार परसेंट के हिसाब से ऐसा आ जाता है कि हम बता देते हैं और हमारे पास है भी करने का, नार्दर्न रीजन में नहीं है इतना, हमारे भाखड़ा मैनेजमेंट बोर्ड का है। यह करता है कि कितना रिलीज करना है नीचे पानी, उतना तो करता है ब्यास से, भाखड़ा से। यह सारा तो है, लेकिन उसका नीचे का पैसा नहीं मिला था, खर्चा नहीं था इसलिए इस जगह वह नहीं है। हमने वहां इतला दी थी। पिछले साल, जब साइक्लोन आये थे तमिलनाडु में, कर्नाटक में, पांडुचेरी में, केरल में, उस वक्त पहले उनको इतला दी थी 24 घंटे, कि भाई, बचा लो, उठा लो वरना बहुत नुकसान हो जाएगा और हो जाता, अगर उनको उठाया न जाता लोगों को तो वहां भी हजारों आदमी मौत के घाट उतर गए होते। तो यह ऐसा प्रकोप है, जिसके बारे में आप किसी रीके से यह नहीं कह सकते कि आज साढ़े चार सौ मिलीमीटर बरसात होगी या इस जगह दिल्ली में होगी। यह तो कभी कभी ऐसा होता है कि जैसे बादल फट जाता है। यह फिनोमिना भी कुछ एक्सट्रा आर्डिनरि था, जिससे हो गया है।

मैं एक बात और भी जानता हूं, जो आपने सबने मेरे पास कहा कि क्वंटम आफ रिलीफ कम है। मैं भी जानता हूं कि क्वंटम आफ रिलीफ कम है। जब उनका दुख-दर्द देखते हैं, बांटते हैं तो पता लगता है कि इतने पैसे से

क्या बनता है। बिल्कुल सही बात आप कह रहे हैं, लेकिन बात क्या है कि जितना कपड़ा होता है, उतनी लंबी बंडी बनती है या कोट बनता है या कमीज बनती है, उससे ज्यादा बन नहीं सकती। यह नाइन्थ फाईनेन्स कमीशन की बात सबने कही। किसी माननीय सदस्य साथी ने कहा कि यह डिसक्रिमिनेशन है कि छोटी स्टेट है तो थोड़ा दे दिया और बड़ी स्टेट है तो ज्यादा दे दिया। लेकिन, यह मेरा किया हुआ नहीं है। यह स्टेट ने खुद मांगा था। उन्होंने नाइन्थ फाइनेन्स कमीशन में मांगा कि हमें स्वायतता के हिसाब से अपने लिए दो, हम इसको रखना चाहते हैं, तुम चौधरी कौन होते हो सेंट्रल में हमें पैसा देने वाले। तो स्वायतता की बात जब आई तो उन्होंने सौंप दिया और दस साल का एवरेज निकाल दिया। उन्होंने दस साल का एवरेज निकालकर जिस जिस के हिसाब से जितना जितना आया, उतना उतना उसको उन्होंने दे दिया। अब मैं उसमें क्या कर सकता हूं। मेरे पास तो और फालतू है नहीं। अगर मेरे पास पैसा हो तो मैं भगवान की कसम बांट दना चाहता हूं।

फिर, आपने कहा कि उनकी थैंक्स नहीं की। महाराज, हम तो थैंक्स करके आए हैं मिलिटरि का, आम लोगों का, जिन्होंने सहायता की लोगों की, उठाया कंधों पर और बचाया लोगों को। नरवाना की बात कर रहे थे, सुरजेवाला जी शायद नहीं हैं, नरवाना नहर में, भाखड़ा नहर में मैंने पहले इसे उठाया। प्रधानमंत्री जी भी साथ गए। आपने कहा था कि गए नहीं। उस वक्त बादल इतना घना था कि न तो पंजाब में उतर पाए, न हिमाचल प्रदेश में जा पाए। हिमाचल तो हमारे सिर का ताज है, महाराज। वहां से तो जीवन मिलता है हमको। अगर आप हिमाचल वाले न हों तो हमें पानी कौन देगा? भाखड़ा कौन भरेगा? ब्यास कौन भरेगा?

**श्री महेश्वर सिंह :** कम से कम ऊना तक तो चले जाते आप। ऊना तो बिल्कुल बोर्डर पर है।

**श्री बलराम जाखड़ :** जाने की बात नहीं थी, बादल हो इतना घना था कि देख ही नहीं पा रहे थे। हम कपूरथला भी नहीं देख पाए। कहीं नहीं जा पाए। हमारे लिए तो आप उतने प्रिय हैं, महाराज। यह आपके मन में कब से ऐसा हो गया? यह संशय आप मत पैदा किया करो।

**श्री महेश्वर सिंह :** हिमाचल को आप कुछ तो दे दो।

**श्री बलराम जाखड़ :** मैं आपको बता रहा हूं कि जो मैं दे सकता हूं, जो मेरे पास है केलेमिटि रिलीफ फंड में, अब पंजाब और हरियाणा दोनों को मैंने अगले साल के भी दो दो दे दिए हैं। कोई मैंने रखा नहीं है। मैं आपको दे देता हूं, लिस्ट दे देता हूं, जो हमने दिया है। अब आप देने की बात करते हो, तो यह देख लीजिए आप, अरुणाचल प्रदेश के पास में साढ़े छह करोड़ रुपया है इस वक्त खर्च करने के लिए, असम के पास 64 करोड़ 76 लाख रुपया अभी बाकी है, जो खर्च कर चुके हैं, मुझे हिसाब नहीं दिया है इन लोगों ने। बिहार के पास 96 करोड़ 27 लाख रुपया है। उन्होंने मुझे रिपोर्ट कोई भरने की नहीं दी है, जैसा कि किसी माननीय सदस्य ने कहा था कि बिहार में कितने मरे हैं? मेरे पास अभी तक बिहार की तरफ से रिपोर्ट नहीं आई है। इस वक्त उनके पास मेरे हिसाब से, क्योंकि हिसाब जब तक नहीं देंगे मैं आंकड़े तो दूंगा आपको, तो मेरे पास इस वक्त 96 करोड़ 27 लाख रुपया उनका बचता है बिहार का, 35 करोड़ रुपया आए साल हम उनको देते हैं। गुजरात का, 33 करोड़ रुपया उनके पास पड़ा हुआ है। हरियाणा का, 58 करोड़ रुपया उनके पास हैं और पंजाब के पास, इस समय 90 करोड़ रुपया उनके पास मौजूद है और जो हमने अब दिया है.. (व्यवधान)..

श्री महेश्वर सिंह : हिमाचल के पास कितना है ?

श्री बलराम जाखड़ : हिमाचल के पास है 45 करोड़ रुपया ।

श्री महेश्वर सिंह : और 500 करोड़ रुपए की क्षति हुई है ।

श्री बलराम जाखड़ : देखिए, हमने 18 करोड़ आपको यह दिया, 18 करोड़ आपको आए साल मिलता है केलामिटी रिलीफ फंड में । इस साल हमने आपको रिलीज किया नॉर्मल में 6.75 करोड़ और इस वक्त तक खर्च नहीं हुआ । मैं आपको बताऊं राजस्थान के पास है, 198.29 करोड़ बाकी है क्योंकि पिछले साल खर्च नहीं किया तो यह पूंजी जमा होती रही ।

श्री गुरुदास दासगुप्त : मैं आपसे एक बात पूछना चाहूंगा कि पश्चिम बंगाल के लिए कितना रुपया आप दे चुके हैं, कितना . . . (व्यवधान) . . .

श्री बलराम जाखड़ : पश्चिम बंगाल को आए साल 40 करोड़ रुपया देते हैं, इस साल 15 करोड़ रिलीज किया है और 131 करोड़ रुपया आपके पास बकाया है ।

SHRI MURUDHAR CHANDtRAKANT BHANDARE: How much have they utilised?

SHRI BALRAM JAKHAR: They have not given me the figures. The West Bengal Government has at its disposal' at this time, according to my statistics—because they have not provided me any other information—Rs. 130 crores and 99 lakhs. This is my report.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: That is about the previous damity relief fund,

SHRI BALRAM JAKHAR: It is previous accumulation. This time Rs. 15 crores as first relief. If they want I will not hesitate giving them even in advance.

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) मंत्री जी, वह पूछ रहे हैं, वह क्यूमुलेटिव फिगर्स नहीं, कि कितने रिलीज किए कितने के अंदर इस साल ?

श्री बलराम जाखड़ : मैं बता तो उनको रहा हूं कि इस साल की रिलीज मैंने आपको बताया कि जो क्यूमुलेटिव है उसके साथ 15 करोड़ रिलीज किया

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: M I ask you a very simple question. You are just giving us the cumulative figure the piled up figures. I would like know after the natural devastation taken place, how much relief you ha given them. Secondly, why have you n sent a team of your Central observers assess the damage done till now in We Bengal?

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Kar nataka): They are already having an a cumulated balance.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: This is not the balance. Since the Govern ment of India has not received ] accounts properly, it is not....

SHRI MENTAY PADMANABHA They have not reconciled the account There is no balance with the West Ben Government. There are a number figures with the Government of In< which have not yet been reconciled. You cannot simply blame the State Gove ment on that account.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: seems the Government did not have 1 last accounting figure for West Beng; All that is unadjusted is to be explaine So, that figure is not true.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Wich is true?

SHRI GURUDAS DAS GUPT What is true is for the Minister to fi out.

I am asking the Minister in the sam way as Members from other States has been asking. It is for the Minister tell us the correct figure. *(.Interruption!*

SHRI BALRAM JAKHAR: Now listen. How many times are you going to ask this question? You must also realise the responsibilities of the State Government. They must reaiise their responsibility. I know my responsibility.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: You must realise the Central Government's responsibility to the Rajya Sabha Members. That also you understand. I am not representing the Government of West Bengal. I am representing the people. You must tell us the last figure.

SHRI BALRAM JAKHAR: That I what I am saying.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: You are not saying that. You are saying you have no accounts.

SHRl BALRAM JAKHAR: I gave you the figures. It is something just unspo ken, something just unbelievable. There is a system ...........

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): मंत्री जी, सदस्यों का यह कहना है, जो दूसरे सदस्यों ने भी कहा कि यह बाढ़ आने के बाद सैंट्रल फंड से, नेशनल कैलामिटी फंड से किस-किस स्टेट को कितने-कितने रिलीज हुए, वह पढ़ दीजिए।

SHRI BALRAM JAKHAR: Whenever they ask us, we are even ready to give them in advance.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I want to know what you have released. My question is simple. What have you released for West Bengal?

SHRI BALRAM JAKHAR: When they have not asked for it, how can I do it? *(.Interruptions).* Until and unless they ask me, I don't do it. If they ask me ........

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: After the floods how much have you released?

SHRI BALRAM JAKHAR: That is what T am saying, if you can understand it properly, Sir. I say that we release funds according to the.. . *(Interruptions).* If the State Government needs the money much earlier, they can ask the Centre and I will release it. There is no problem.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: The State Government of West Bengal has repeatedly asked for assistance.

SHRI BALRAM JAKHAR: I will do it pronto. Mr. Vice-Chairman, I am saying on the floor of this House that I am committed to safeguard the interests of the farmers and the people who were iffiicted. Within a minute's notice, I give it on a priority.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: In ths West Bengal Assembly, members belonging to all parties have passed a resolution demanding Rs. 500 crores towards relief.

SHRI BALRAM JAKHAR: They did not reaiise the responsibility. T do not like irresponsible people. I want to say, I will send $m_v$ team if they are prepared to receive them. I told the State Government of Punjab that my team will be visiting Punjab. They said, "We are not prepared ,to receive your team." The same people told us that they are prepared to receive our team. They told me, "We have got the data to discuss it with you. We can receive your team." I had deputed my team. If the Government of West Bengal do not have data to discuss with our team, what ca mv people do there?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Why has the Central team not gone to West Bengal?

SHRI BALRAM JAKHAR: They are not prenared to receive my team. They must ask me. Then I will send them. ...(inter*ruptions)*.. .They must ask me. ...*(Interruptions)*.. . They must express it to me. Then. I will send them.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr. Vice-Chairman, I seek your protection.

SHRI BALRAM JAKHAR: Why should you seek protection from the Chair?

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: There is no question of West Bengal _____ *{Interruptions)...*

SHRI BALRAM JAKHAR: Have you got with you any recommendations? Have you got any request? My staff is sitting here. The moment I receive a request, I will do it immediately. But if they are so irresponsible, what can I do for them? If they send a request, I will do it the next minute.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: As a Central Government, you have the responsibilty to send a team.

SHRI BALRAM JAKHAR: What the hell are they doing there? They should send a request.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr. Vice-Chairman, I am on a point of order. Can the Minister use this language "what the hell with them?"

SHRI BALRAM JAKHAR: I didn't say like that. "What the hell are they doing?" That is what I have said. They are responsible people. They should do it.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr. Vice-Chairman, I am on a point of order.

SHRI BALRAM JAKHAR: There is no question of a point of order.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Can the Minister say, hell with them?

SHRI BALRAM JAKHAR: I -say with authority. . . *{Interruptions).*

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Can the Minister say, hell with them?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): I do not think that he has said like that.

SHRI BALRAM JAKHAR: I did not say anything derogatory. I said, "What the hell are they doing there?'

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr Vice-Chairman, the Minister can't be allowed to be insolent to use an unpa liamentary word against the State Go vernment.. . *{Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD SALIM): Mr. Gupta, please sit down. have identified Mr. Balram.

SHRI BALRAM JAKHAR: Mr. Vice Chairman, I have not got any reques from the West Bengal Government for release of any fund till this date.

SHRI N. E. BALRAM (Kerala): Mr. Vice-Chairman, I can understand the emotional atmosphere in which they wen debating. But it was most unfortunad on the part of the Minister to say that] hell with their affairs... *{Interruptions).*It is wrong. I want to express regret about it.

SHRI BALRAM JAKHAR: I did not say like that. Check the record. 1 didn't say that, what I said was, What the hell are they doing?"

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Mr. Vice-Chairman, we want your ruling on this. Can the Minister say, "What the hell are they doing".. . *{Interruptions)..* I am on a point of order. I would like to get your ruling, whether the Minister can say, "What the hell are they doing?" This language will not be tolerated. ... *(Interruptions)...*

SHRI BALRAM JAKHAR: If they have not sent a request, what can I do?

SHRI N. E. BALRAM: Mr. Vice-Chairman, I can understand his anger towards Mr. Gurudas Das Gupta. But why should he say anything about the West Bengal Government and the people? .. . *{Interruptions)...*

SHRI BALRAM JAKHAR: If it is unparliamentary, I will withdraw it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Okay, the Minister is withdrawing it.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: He must withdraw.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): He has already said that he was withdrawing it.

5.00 P.M.

SHRl BALRAM JAKHAR: I was just saying that there should responsibility. I have not got any message so far. I have not received any request so far from the West Bengal Government to release more funds. The minute it comes, I will release it. Not only that. I will release advance. There is no problem. When they ask for a team to be sent, I will immediately send one. West Bengal is as dear to me as Punjab. I do not discriminate between Punjab and West Bengal. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please continue. Let him continue.

SHRIMATI KAMLA SINHA; I would like to ask him one question. Mr. Minister, I repeat it that the Chief Minister of Bihar has requested for the release of Rs. 500 crores because Bihar has been suffering from ... *(Interruptions).* Do not laugh. It is not a matter to be laughed at.

SHRI BALRAM JAKHAR: You must understand one thing.

SHRIMATI KAMLA SINHA: Bihar is suffering from drought and floods. It is impossible... *(Interruption).*

SHRI BALRAM JAKHAR: You must understand that the money at my command is only that at the command of the Ministry of Agriculture. I have got at my command only the Calamity Relief Fund. Any other additional funds are released by the Central Government. And, there is a proviso with regard to the Ninth Finance Commission. If there has to be release of more funds, then it should be declared a national calamity. So far, after the Ninth Finance Commission, after 1990, there has been no de-claration of any such national calamity. Even in the case of the Andhra cyclone and floods, nothing has been done. Only we do it under the Jawahar Rozgar Yojana; we do certain things with the HUDCO, with the NABARD and with Accelerated Water Projects. All these things we do. We did it in Punjab; we did it in Uttar Kashi; you did it in Tamil Nadu, Karnataka and Kerala also. We will apply the same thing everywhere. Wherever we can get to the people and give relief, we try to do that. There is no problem. But I am constrained. I want your help. I have put it to the Tenth Finance Commission. I do not like this. Before the Ninth Finance Commission. I do not like this. Before the Ninth Finance Commission, if there was any calamity anywhere, we could spend on it. As you know, in 1988, there was a drought and we spent Rs. 600 crores in Rajasthan alone because the Centre could spend there. Now, my hands are tied. I am shackled down. I have got no option whatsoever. I have sympathy. But I have to circumvent certain things. The kith and kin of the dead will be provided relief from the P.M.'s National Relief Fund. I will ask him. Wherever he has not given it, we will get it released. Wherever he has released it, it will be given to them. Then, the State Governments do it themselves also. They also enhance it. *(Interruption).*

**श्री महेश्वर सिंह :** सर, मैंने इसमें एक बात कही थी कि अगर किसी की मृत्यु हो जाती है तो स्टेट गवर्नमेंट 10 हजार 20 हजार तक दे पाती है और पीछे समाचारपत्रों में आया था कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि प्राईम मिनिस्टर रिलीफ फंड 50 हजार तक की राशि दी जाएगी। मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहूंगा कि अगर इस स्टेटमेंट में कोई तथ्य है तो देश भर में 50 हजार रुपए दिए जाने चाहिए।

**श्री बलराम जाखड़ :** स्टेंट गवंनमन्ट ने कहा होगा, मैं और पता कर लूंगा।

**श्री महेश्वर सिंह :** अगर इस प्रकार की घोषणा हुई है तो सारे देश के लिए होनी चाहिए।

SHRI BALRAM JAKHAR: There is no difference between one death and the other. They will get it equally. There should be no discrimination about it.

**श्री इन्द्र कुमार गुजराल (बिहार) :** मैं यह कह रहा हूं कि आपकी हमदर्दी और दोस्ताना तल्लुकात लोगों के साथ हैं, इसकी मैं सराहना करता हूं। आपने यह बात कही कि आपके अपने डिस्पोजल पर कुछ फंड है और बाकी सरकार के पास हैं। अब आपकी कैपेसिटी ड्यूल कैपेसिटी है। आप एग्रीकल्चर मिनिस्टर भी हैं और उसके साथ-साथ आप सरकार के बहुत अहम मिनिस्टर भी हैं और सरकार की पालिसी बदलना, न बदलना आपकी जिम्मेवारी है, हमारी जिम्मेदारी नहीं है। अगर आप इस नतीजे पर पहुंच चुके हैं कि रुपया ज्यादा चाहिए तो मेरे ख्याल में आज शाम तक आपको कैबिनेट की मीटिंग बुलवानी चाहिए और आपको उनको यह बताना चाहिए कि कैलेमिटी इतनी बड़ी है इसलिए और ज्यादा रुपया चाहिए।

**श्री बलराम जाखड़ :** गुजराल जी, आप भी मंत्री रहे हैं और मैं भी मंत्री हूं। आप जानते हैं कि जितना फाइनेंस कमीशन एलाऊ करता है, उसके हिसाब से करना पड़ता है। और ज्यादा के लिए नवें फाइनेंस कमीशन की टर्म्स को बदलना पड़ेगा। इसका एक साल बाकी रह गया है। इसमें कमीशन में अगर सारे मेंबर्स मदद करेंगे तो यह यह काम हो सकता है।

The we can sort it out for future. Now, we can only ask,. . *(Interruptions)*

SHRl INDER KUMAR GUJRAL: May I clarify one thing? The Ninth Finance Commission's report—whether acceptable or non-acceptable—and the terms of reference are not statutory. That is something mere administrative than anything else and therefore, we should not let the people offer because of these formal things, I would suggest to you to kindly have a second look at it. I would sug-gest to you that after all, the totality c the Government is responsible for this.

SHRI BALRAM JAKHAR: We are already getting something from some where, some other means. But we wan to change that structure because I at not in favour of that structure. At time, we cannot give what is needed. A one time, the people don't need it a one place but we can invest it at another place. That is how we can do it. I can be done in that way. Even in this position, we are trying to do it. We have released so many other types of funds so that they can take up corrective measures to stall other things. We have provided 60 per cent to the HUDCO and we will be giving 25 per cent from our- sevels and 25 per cent of the States. In this way, crores of rupees we are giving in the form of help and it is a question of help. By which way we give it is something else. I am really at the same wavelength as you are and I want to pursue that angle. I am trying to change the whole structure so that in future, wherever the floods come, we might be more helpful.

**श्री भूपेंद्र सिंह मान :** पंजाब की रिक्वस्ट आपके पास नहीं आई है?

**श्री बलराम जाखड़ :** हर एक स्टेट की रिक्वेस्ट है। बिहार का भी है, 500 करोड की, साढे चार सौ की हरियाणा की है। गुजरात की है, हर जगह की है। लेकिन पैसा कहां से आएगा?

**एक माननीय सदस्य:** बंगाल की है।

**श्री बलराम जाखड़ :** बंगाल की आएगी तो मैं आपको बता दूंगा।

I will give you more. There is no problem. I will go to Bengal also. I am going there.

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI (Orissa): I appreciate that the hon. Minister has realised that the present system

creates great hardships and he is not in a position to help the people in distress. Under the old rules, the Ministry of Agriculture could help people of the States wherever there was drought or flood in a liberal way. The calamity fund has absolutely tied up the hands of the Ministry of Agriculture to help. The Minister has realised it. I would like to know from the hon. Minister whether he is going to make a move for changing this system—release of funds. Let me complete it.

SHRI BALRAM JAKHAR: We have already given our opinion to the Tenth Finance Commission.

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI: As Gujral Ji said, you are just not an ordinary Agriculture Minister. You are a powerful Minister in the Union Government and champion of the cause of the rural people. Therefore, you are to influence the entire Cabinet including the Prime Minister to take an early decision. This is one thing.

Secondly, I had been a Chief Minister as well as a Revenue Minister and 1 know we used to get funds liberally. Whenever necessary, I used to come to the Ministry of Agriculture. Shri Buta Singh was the Agriculture Minister when I was the Revenue Minister. I used to get fodder, I used to get foodgrains and I used *to* get other help also and it was great help to the people of Karnataka. When are you going to do it? Every Member is anxious to know what are the demands from different States — the amount they have asked and the amount you have released.

SHRI BALRAM JAKHAR: I will give you the list. I have got the information and it is there in the list. I will provide you the list as to how much has been requested by all the 17 States and how much has been given by us.

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI: What is the total amount that they have asked?

SHRI BALRAM JAKHAR: We have released Rs. 212 crores.

SHRI SOMAPPA R. BOMMAI: What is the demand?

SHRI BALRAM JAKHAR: The demand is something staggering. That is something else. Bihar has asked for Rs. 500 crores; Haryana has asked for Rs. 400 crores; Punjab has asked for Rs. 500 crores and it goes on and on and there is no end to it. The question is, how to get it.

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने अपने वक्तव्य के दौरान आपसे यह निवेदन किया था कि हमारे देश के कुछ भूभाग का आठवां हिस्सा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है और यह बढ़ता ही जा रहा है। मैं यह समझती हूं कि यह 80 के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बढ़ा है या उसी पर रुका हुआ है?

**श्री बलराम जाखड़ :** मैं आप की तरफ ही आ रहा था। मैंने खत्म नहीं किया था। हमारे पास भारत में 40 मिलियन हैक्टयर इन इंडिया इज फ्लड प्रोन एरिया।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी :** यह कब से है?

**श्री बलराम जाखड़ :** सिंस, 1952, वई्फ हैव डन अबाउट 14 मिलियन हैक्टेयर। इसके मुतल्लिक तो हमने कुछ कर लिया है। 14 मिलियन हैक्टेयर का प्रबन्ध किया गया है। इस पर 3,174 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। लेकिन आगे का काम करने के लिए पैसे की सख्त जरूरत है। इसके लिए हम चाहते हैं बराबर काम चलते रहना चाहिये।

This is a continuous process. It should *go* on. What you said on that subject wag perfectly right and I agree with you that in addition to the bigger projects just

[Shri Bal Ram Jakhar]

like the Narmada Sugar and others, we have to have smaller projects which can yield to us better results in a short time. That is why I am telling you today, I have an idea and I am going to put it before the House as well as the Government also.

आने वाले जमाने में अगर हमने इस बढ़ती हुई आबादी को नहीं रोका, जिसके लिए आप कहते हैं कि नदी, नालों पर कब्जा कर लिया, सब जगह लोग बसने लगे है, अगर इसको रोका नहीं गया, तो यह हमें बहा ले जाएगा। यह आदमियों की बाढ़ हमें खा जायेगी 2005,2110 तक हमें रोटी देनी है, पानी देना है, तो एक ही तरीका है

minimising the use of water and maximising its use.

इसका एक ही तरीका है, जो मैं अपना रहा हूं, आई एम गोइंग टु डु इट। यह जो झगड़े चल रहे है, तमिलनाड का, कर्नाटक का, इधर-उधर का, पंजाब और हरियाणा का यह ठीक है कि जहां चावल होता है, वहां थोड़ा बहुत फर्क पड़ता है, उसको हमें बचाना है। लेकिन बाकी जगह में, मैं बाहर भी स्टडी करके आया हूं, एक्सपर्टस मेरे यहां आ रहे हैं, देखेंगे क्या हो सकता है। जिस तरीके से एक एकड़ में जो पानी लगता है, वही पानी 5 एकड़ में, 10 एकड़ में लग सके। उस पानी की हमारे यहां बचत हो जायेगी। 30 परसेंट इर्रीगेडेट एरिया है, सारा का सारा तो इससे काम चलने वाला नहीं है, बगैर पानी के। हम तो बेहतरी चाहते हैं। हम तो चाहते हैं, खुश्की को बर्दास्त करने वाले बीज पौधे हों। कुछ ऐसी फसल हों, तो ड्राई लैण्ड में भी पैदा हो सकें। लेकिन इस सबके करने के बावजूद भी पानी की नितान्त आवश्यकता रहेगी। उसको पूरा करने के लिए हमें कुछ करना पड़गा। यह आपको इन्दिरा गांधी कैनाल है, जो इसका कैचमेंट एरिया है, यह हमें सत्यानाश कर देगा, किसी दिन। हम पानी में डूब जायेंगे। दुनिया भर के लोग कहत हें, हमने भी स्टडी किया है

Such type of misuse of water will some day bring us a disaster.

उसको किसी तरह से संयंत्रित करके हमें उसका नक्शा बदलना है, किसान के लिये। किसान की ज्यादा आमदनी करनी है, किसान के लिए नय रास्ते खोलना चाहते हैं कि यह तो जमीन यह जो पानी और इस तरीके से खेती करो कि इससे दुगुनी खेती हो, तिगुनी खेती हो, चौगुनी खेती हो। इसके साथ खाद आदि लगेगी। हम लिक्विड फर्टीलाइजर भी इसके साथ देंगे, स्प्रिंकलर साथ देंगे, ड्रिप इर्रीगेशन साथ देंगे। सब्जियां, फल, गन्ना, रुई, कपास आदि सारे काम ड्रिप इर्रीगेशन के साथ करेंगे। इनवैस्टमेंट जरूर होगा, तब आने वाली पीढ़ी कहेगी, हां, किसी ने सोचा था, इस बारे में।

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: Mr Minister, your ideas are well placed an well thought of and it is not for the first time that in the world these ideas are being perceived. Here they have come now but the ideas are available, teck nology is available approach is available already. The entire Southern Californi has experienced it, the entire Israel has done it and, therefore, it is a question of maximising the utilisation of water are treating it as a resource which is valuabl Now how to do it is somethng we know The question is when to do. It is not a question of investment of money, am not an expert you are not an expe but with whatever little layman's know ledge I have got, I can tell you that two things are very important. One is the propagation that even a farmer can self do it. Once he knows that the ma: mum results can be achieved by minimi use of water, drip and others, the obviously he will use it. That is num-ber one. The second point to which I we are not paying any attention a I think we should, is the recycling

water itself. As we are modernising all the cities, kindly do something on that also.

SHRI BALRAM JAKHAR: To give incentives to the farmers to adopt this | 1 have provided 50 per cent subsidy for ! drip irrigation and sprinkle irrigation. That is what I am doing. Recycling of water is a very important objective and that is being done and we have to do it in scarcity areas. That will be the only salvation because water is going to be as costly as gold. That is why we have to conserve it. Not only that, I am going to recharge the sub-soil. That is my idea. I am going to have watershed programmes. If we cannot put water into the soil the water level will be going 5 feet, 20 feet or 100 feet down. Where will we get 'he water? We are so many to use it. Through the ages and centuries use it. Through the ages ages centuries water has come in there. It is stored for us. But we are so greedy that we are taking it out without any consideration for the future generation. But we must plan accordingly. That is what I am doing.

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: You have full scone for this.

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मेंने ग्रापसे बहुत स्पेसिफिक ग्रांकड़े जानने चाहे थे। मैं बहुत सटीक ग्रांकड़े जानना चाहती हूं कि जैसे कि राष्ट्रीय बाढ़ ग्रायोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि 1971 से 1980 के बीच में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र दुगुने हो गये हैं। मैं यह जाना चाहती हूं कि 1980 से 1993 के इन 13 सालों में क्या स्थिति है ? बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बढ़े हैं या दुगुने हो गये हैं ?

श्री बलराम जाखड़ : मैं ग्रापको वह भिजवा दूंगा, इकट्ठा करके भिजवा दूंगा।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : ग्राप जल संसाधन मंत्री को कहिये कि वे इस पर रिपोर्ट दें ग्रौर सदन को बतायें।

SHRI H. HANUMANTHAPPA: The Minister has to complete his reply and further clarifications can be taken up later. It cannot be a question and answer session. *(Interruptions^...*

SHRI BALRAM JAKHAR: Now, Sir, I will try... *(Interruptions)...*

SHRI V. NARAYANASAMY: They should allow the Minister to complete his reply... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI *M.* D. SALIM); The Minister is yielding.

SHRI BALRAM JAKHAR: I will try to do whatever I can to ameliorate the difficulties of the people who have suffered and I seek your support. I also want my State Governments to help me and keep me informed and also to keep pace with whatever is required at a given time. T think that is what I can do. I think we will all be helpful to them then. Thank you once again for the participation.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I have one question. Since the hon. Minister has expressed his concern over the proper use of water, recycling of water and introduction of the latest technology, etc., may I draw the hon. Minister's attention to another aspect of the problem? He has been dealing with underground water. But the problem is there about the surface water also. In India we are having the problem of floods perpetually because of lack of a river management policy for a long time. In this House on a number of occasions we have discussed the serious defect with big dams and all thatt. In view of that, may I ask hon. Minister what steps he would like to take to ensure a proper river management policy so that the surface water, whenever there is a big rainfall, does not cause a big natural catastrophe and floods and all that? I would like to know whether the Government believe that there is a necessity of evolving a proper river management policy.

SHRI BALRAM JAKHAR: Sir, the biggest problem is that we have been very much unmindful of the harmful effects which we have just inflicted on the nature. We have to control our own tendency of cutting down the trees and treating the nature mercilessly. That has been the cause of bringing more silt by flood water and that can be prevented only if we, the States and all concerned

JShri Balram Jakhar

educate our people. Mother nature must be cared and the environment must be looked after. That is the only way by which we can save these rivers and make them contain whatever the floods that come. We are trying to do that. That is what we are trying to do. That is the permanent solution. It is our awakening to the need of the hour. It is out awakening that is needed to save our future generation. *{Interruptions).*

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, I have asked about dredging of rivers. (Interruptions).

SHRI S. S. SURJEWALA: Sir, I would like to know from the Government how much time it will take to plug the breaches in the two canals in Punjab so that Haryana's water can be carried through that area.

SHRI BALRAM JAKHAR: I have already told the hon. Member that the first thing we have done is, we have ordered to plug those breaches. Even military personnel were asked to help in plugging those breaches because that was of utmost importance. We have already lost so much due to floods. If we are not able to provide water for irrigation, then again there will be loss.

श्री भूपेन्द्र सिह मान : पटियाला में तो बरसात हुई, इसलिए पता नहीं चल सका कि वहां क्या कुछ होने वाला है लेकिन बटाला, डिस्ट्रिक्टगुरुदासपुर सें पानी बहुत दूर से बहते-बहते आया तो लोगों को इसके बारे में क्यों इन्फर्मेशन नहीं दी गयी, इसके बारे में क्या आप वहां के एडमिनिस्ट्रेशन को पूछेंगे ?

श्री बलराम जाखड़ : मैंने आपको बताया था कि वहां इन्फर्मेशन देने के साधन नहीं हैं। वह तो सिर्फ भाखड़ा और पोंग में ही रिलीज करने के लिए हैं। वहां हमारे पास वार्निंग करने के लिए एडवांस साधन नहीं हैं जो उनको बताया जाय।

श्री भूपेन्द्र सिह मान : ब्यास रिवर में इन्क्रोचमेंट हो रहा है, वहां प्राइवेट बंध बन रहे हैं, इसके बारे में भी जरा बनायें ?

SHRI BALRAM JAKHAR: The State Government- will look after that matter.

## STATEMENT REGARDING ORDINANCE

### The prevention of IIict Traffic in Narcotic drugs and Psychotropic substances (Amendment) Ordinance, 1993

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): I lay on the Table a statement (in English and Hindi) explaining the circumstances which had necessitated immediate legislation by the Prevention of Illicit Traffic in Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (Amendment) Ordinance,

## THE PREVENTION OF ILLICIT TRAFFIC IN NARCOTIC DRUGS AND PSYCHOTROPIC SUBSTANCES (AMENDMENT) BILL, 1993

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M V. CHANDRASHEKHAR MURTHY) Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Preventior of Illicit Traffic in Narcotic Drugs ant Psychotropic Substances Act, 19881

The question was put and the motion was adopted.

SHRI M. V. CHANDRASHEKHAI MURTHY: Sir, I introduce the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ME SALIM): The House is adjourned till II a.m. tomorrow.

The House then adjourned at twenty four minutes past four of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 28t July, 1993.